वर्ष 24, अंक 280, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 17 अप्रैल 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट




## देश में फिर से लू और बेमौसम बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली। मौसम** विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के विभिन्न हिस्सों में एक बार फिर लू (हीटवेव) और बेमौसम बारिश, आंधी-तूफान, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में अलग-अलग राज्यों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है, इसके चलते लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आईएमडी के पूवार्नुमान के मुताबिक, 15 से 17 अप्रैल तक गुजरात में, 16 से 18 अप्रैल तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी मध्य प्रदेश में लू चलने की संभावना है। इसके अलावा, राजस्थान में 18 अप्रैल तक लू का प्रकोप जारी रह सकता है। गर्मी की इन लहरों के चलते तापमान में वृद्धि होने और लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने लोगों से दिन के समय घर से बाहर कम निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। वहीं, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 16 से 20 अप्रैल तक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसकी तीव्रता 18 और 19 अप्रैल को चरम पर होगी, जिसके चलते कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 18 और 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में ओलावृष्टि की आशंका है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी इस दौरान बारिश के साथ-साथ तेज हवाएं चलने और बिजली चमकने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 18 से 20 अप्रैल के बीच गरज के साथ बारिश, बिजली और तेज हवाएं चल सकती हैं। दक्षिण भारत में भी मौसम का मिजाज बदलेगा। अगले पांच दिनों के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक में छिटपुट से लेकर मध्यम बारिश, वज्रपात और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

## क्या हिंदू बोर्ड में भी होंगे मुस्लिम, खुलकर बोलिए'

### सुप्रीम कोर्ट ने तिरुमाला तिरुपति बालाजी का जिक्र कर SG मेहता से क्यों पूछा?

**नई दिल्ली**

**वक्फ** संशोधन अधिनियम 2025 पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्या किसी हिंदू ट्रस्ट के बोर्ड में भी गैर-मुस्लिम सदस्य हैं. कोर्ट ने तिरुमाला तिरुपति बाला जी का भी जिक्र किया. वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल किए जाने पर याचिकाकताओं की आपत्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने ये सवाल पूछा है. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार मुख्य न्यायाधीश संजीव



खन्ना, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस संजय कुमार की बेंच वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की. सीजेआई संजीव खन्ना ने वक्फ सदस्यों को लेकर केंद्र से सवाल करते हुए कहा, कानून के अनुसार 8 सदस्य मुस्लिम होंगे, जबकि 2 मुस्लिम नहीं हो सकते तो बाकी तो गैर-मुस्लिम हुए.

सीजेआई संजीव खन्ना ने एसजी मेहता से पूछा कि क्या हिंदुओं की धार्मिक ट्रस्ट के अनुसार गैर-हिंदुओं को बोर्ड में शामिल होने की इजाजत है. जस्टिस संजय कुमार ने भी केंद्र से पूछा और कहा कि कोई उदाहरण बताएं... क्या तिरुमाला तिरुपति

### बढ़ती दुर्घटनाओं के बीच शिक्षा प्रणाली में सड़क सुरक्षा पर जोर

## धर्मेंद्र प्रधान के नितिन गडकरी की बैठक

**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को स्कूली शिक्षा प्रणाली में सड़क सुरक्षा को शामिल करने के लिए बैठक की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में गडकरी ने कहा कि अकेले 2023 में स्कूलों और संस्थागत क्षेत्रों के पास 11,000 से अधिक लोगों की जान चली गई, जिनमें 18 वर्ष से कम आयु के 10,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। गडकरी ने कहा कि यह चिंताजनक आंकड़ा तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। शिक्षा मंत्रालय के सक्रिय समर्थन से, हम सड़क सुरक्षा अभियान को पूरे भारत के स्कूलों तक विस्तारित करने के लिए तैयार हैं, जिसका उद्देश्य हमारी भावी पीढ़ियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है - जो राष्ट्रीय महत्व की चिंता है।

गडकरी ने आगे कहा कि हमने सुरक्षित स्कूल क्षेत्र स्थापित करने, स्कूल के समय बच्चों के प्रवेश और निकास के लिए सख्त प्रोटोकॉल लागू करने और स्कूल बसों और वैन में सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने की



तत्काल आवश्यकता पर भी चर्चा की। सभी हितधारकों के समन्वित प्रयासों से, मुझे विश्वास है कि हम भारत में हर बच्चे के लिए सुरक्षित सड़कों के अपने लक्ष्य के करीब पहुंचेंगे। वहीं, नितिन गडकरी ने अधिकारियों से राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए शीघ्रता से निर्णय लेने को कहा।

गडकरी ने वार्षिक राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए इस बात पर दुःख जताया कि मंत्रालय तब तक फाइल आगे नहीं बढ़ाता जब तक कोई इसके लिए जोर से कुछ कहता नहीं। उन्होंने कहा, ह्यह्यजब तक कोई चिल्लाता नहीं, मंत्रालय में फाइल आगे नहीं बढ़ती... मंत्रालय के कम-से- कम दो प्रतिशत कर्मचारी जो समय पर निर्णय नहीं लेते, उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया जाना चाहिए।

## गांधी परिवार के गुलाम की तरह काम कर रही कांग्रेस- केशव प्रसाद मौर्य

**उत्तर प्रदेश**

**एक्स** पर केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि लोकतंत्र में संविधान और कानून से बड़ा कोई नहीं। लेकिन विडंबना यह है कि परिवारवादी राजनीति की चाशनी में पले-बढ़े नेता खुद को देश और संविधान-कानून से अपने को बड़ा समझने का अहंकार पाल लेते हैं। आज की तारीख में गांधी परिवार इसकी जीती-जागती मिसाल है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांधी परिवार की आलोचना करते हुए कहा कि




वंशवादी राजनीति करने वाले नेता खुद को देश और कानून से ऊपर समझते हैं। एएनआई से बात करते हुए मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधी परिवार की गुलाम की तरह काम कर रही है। देश के सभी 140 करोड़ लोगों के लिए संविधान एक समान है। नेशनल हेराल्ड मामले में बहुत बड़ा घोटाला हुआ, बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ, जिसकी जांच कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही शुरू हुई थी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिए। वहीं, एक्स पर केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि लोकतंत्र में संविधान और कानून से बड़ा कोई नहीं। लेकिन विडंबना यह है कि परिवारवादी राजनीति की चाशनी में पले-बढ़े नेता खुद को देश और संविधान-कानून से अपने को बड़ा समझने का अहंकार पाल लेते हैं।

## मौलवियों संग बैठक में ममता का केंद्र पर आरोप

**पश्चिम बंगाल**

**संसद में** वक्फ कानून के खिलाफ लड़ाई में तृणमूल कांग्रेस सबसे आगे थी। ममता बनर्जी ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा वित्त पोषित कुछ मीडिया घराने बंगाल को बदनाम करने के लिए अन्य राज्यों में हुई हिंसा के वीडियो प्रसारित कर रहे। भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन संविधान को कमजोर करने के प्रयास जारी हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इमामों के साथ बैठक में कहा कि मुर्शिदाबाद जिले के कुछ इलाकों में वक्फ अधिनियम को लेकर कुछ अशांति हुई। विपक्ष दावा कर रहा है कि तृणमूल कांग्रेस वक्फ हिंसा में शामिल है, अगर ऐसा होता तो



उसके नेताओं के घरों पर हमले नहीं हो। संसद में वक्फ कानून के खिलाफ लड़ाई में तृणमूल कांग्रेस सबसे आगे थी। ममता बनर्जी ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा वित्त पोषित कुछ मीडिया घराने बंगाल को बदनाम करने के लिए अन्य राज्यों में हुई हिंसा के वीडियो प्रसारित कर रहे। भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन संविधान को कमजोर करने के प्रयास जारी हैं। इमामों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगे पूर्व नियोजित थे।

## 50 लाख को 2000 करोड़ रुपये में बदलने का बिजनेस कैसे सीखा?

### हिमंत बिस्वा सरमा का राहुल गांधी से सवाल

**असम**

**राहुल** गांधी से सवाल करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मेरा सवाल है कि एक राजनीतिक परिवार से होने के बावजूद उन्होंने 50 लाख रुपये को 2000 करोड़ रुपये में बदलने का बिजनेस का तरीका कैसे सीखा। हमें भी यही फॉमूर्ला बताएं ताकि मैं असम के लिए ऐसा कर सकूं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की। इसको लेकर भाजपा गांधी परिवार पर हमलावर है। नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने भी कांग्रेस पर तंज कसा है। हिमंता ने कहा कि राहुल गांधी अक्सर अडानी और अंबानी पर आरोप लगाते हैं कि उन्होंने इतना पैसा कैसे बनाया है।

राहुल गांधी से सवाल करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मेरा सवाल है कि एक राजनीतिक परिवार से होने के बावजूद उन्होंने 50 लाख रुपये को 2000 करोड़ रुपये में बदलने का बिजनेस का तरीका कैसे सीखा। हमें भी यही फॉमूर्ला बताएं ताकि मैं असम के लिए ऐसा कर सकूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मांग करनी चाहिए कि वे पार्टी को ये 2000 करोड़ रुपये वापस करें। क्या आपने कांग्रेस पार्टी के दफ्तरों की हालत देखी है?

भाजपा नेता ने कहा कि लोगों को यह नहीं पता कि गांधी परिवार पैसे बना रहा है लेकिन आम कांग्रेसी वंचित हो रहे हैं। अब मां-बेटे दोनों को ईडी के सामने पेश होना चाहिए और अपनी बेगुनाही साबित करनी चाहिए। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सवाल नैतिकता का है। कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत के साथ खिलवाड़ किया है, वह पुरानी



बीमारी है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस आरोप लगाएगी कि हम नेहरू को दोष दे रहे हैं, लेकिन हम नेहरू को दोष नहीं दे रहे हैं। सरदार पटेल और सीबी गुप्ता ने अपने संस्मरणों में पुरुषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव, शिव प्रसाद गुप्ता और श्रीप्रकाश जी का संदर्भ देते हुए यह बात लिखी है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को नेहरू-गांधी परिवार पर लगाए गए आंतरिक आरोपों की जानकारी नहीं है, तो मेरे लिए कहने को ज्यादा कुछ नहीं है।

# कांग्रेसियों ने किया ईडी के खिलाफ एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन



ईडी के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने बुधवार को सोरांव उप जिलाधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन एवं विरोध जताते हुए प्रवर्तन निदेशालय और भ्रष्ट भाजपा सरकार के खिलाफ ईडी मोदी मुदार्बाद, ईडी मोदी भाई-भाई आदि नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान अशफा अहमद ने अपने उदबोधन में कहा कि नेशनल हेराल्ड का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसी स्थिति में भाजपा के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मनी लांड्रिंग केस में जबरन जांच करना भ्रष्ट मोदी सरकार के दबाव में कार्य कर रही है। ईडी की मनसा और विरोधाभासी सोच को उजागर करता है। कांग्रेस पार्टी इसका घोर विरोध और भर्त्सना करती है। किसी भी कीमत पर भाजपा सरकार के मंसूबे कामयाब नहीं हो सकेंगे। जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी, पानी, बिजली और निकट भविष्य में होने वाले चुनाव में हार की डर से ध्यान भटकाने का काम कर रही हैं। कांग्रेस पार्टी इनको अपने मंसूबे में कामयाब नहीं होने देगी। इसके लिए सड़क से संसद तक विरोध करेगी। इस अवसर पर मुख्य रुप से राम किशुन पटेल, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, मो.सददाम, सुभाष चन्द्र यादव, दिवाकर भारतीय, भुल्लन पटेल, ओमप्रकाश सरोज, राजेश्वरी पटेल, राकेश पासवान, महबूब राईन, सुरेंद्र यादव, मनोज पासी, मो.निजाम, राम गरीब, शदाब अहमद, गिरधारी लाल गौतम, अनवर अली, कल्लन भाई, भीम मिश्रा, कार्तिकेय पाण्डेय, मो.फारुक, विशुनाथ, अमित पटेल, छोटे लाल पटेल, घनश्याम पटेल, रामजी पटेल, मो. तौसीफ, मजहर आलम, अखिलेश कुमार, राम कुमार यादव, शमशुल कमर, मो.इलियाश, राजेश पटेल, मो.नईम, संदीप कुमार, जहीर अहमद, शोनू अंसारी, मो.इब्राहिम, गोविंद सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



फीता काटकर पुस्तकालय का लोकार्पण करते सीडीओ

# क्रिटिकल गैप्स योजनांतर्गत पुस्तकालय का सीडीओ ने किया लोकार्पण

**जंघई।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बसनेहटा प्रतापपुर में निर्मित पुस्तकालय का लोकार्पण मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार द्वारा मंगलवार को फीता काटकर एवं पौधारोपण करके किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक प्रयागराज अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी भोला कन्नौजिया, सत्यप्रकाश मिश्रा अधिशाषी अभियंता, डीटीओ प्रयागराज विवेक कुमार, बीडीओ प्रतापपुर धीरेंद्र यादव, एई सुनील श्रीवास्तव, जेई रवि मौर्य मौजूद रहे। ठेकेदार मेसर्स नीला कंस्ट्रक्शन गरुण पांडेय द्वारा निर्माण कार्य कराया गया। इस अवसर पर शुभम पांडेय, डॉ परवेज, मुकेश तिवारी, शिवराम बिंद ठेकेदार, बाबुल दुबे ठेकेदार, संदीप शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंक मित्र बैंक सखी सम्मान समारोह




**प्रयागराज।** 16 अप्रैल 2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के एम एन एनआई टी के द्वारा सेमिनार हाल में बैंक मित्र,बैंक सखी सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ प्रबंधक वित्तीय समावेशन विभाग रशीद अंसारी के नेतृत्व में रजनीश कुमार के संचालन में क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार गुप्ता की उपस्थिति में हुआ । उक्त कार्यक्रम में माननीय क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण गुप्ता के द्वारा भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी एवं बैंक से जुड़ी सुविधाओं से अवगत कराया गया। इसके बाद कार्यक्रम में आए हुए बैंक मित्र, बैंक सखी, बैंक कॉर्डिनेटर, कॉरपोरेट बीसी को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र, गिफ्ट, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी वित्तीय समावेशन अधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### गहरे गड्ढे में फंसी गौवंश को ग्रामीणों ने निकाला



**सोरांव।** क्षेत्र के सराय भोगी गांव में बीती रात अंधेरे में एक गहरे तालाब में जा गिरी। करीब 24 घंटे के बाद जब ग्रामीणों ने देखा कि एक गौवंश तालाब में गिरकर तड़प रही है। देखते ही देखते हैं मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई रस्सी तथा बांस बल्ली के सहारे करीब 1 घंटे के अथक प्रयास से गाय को बाहर निकाला गया। जब गौवंश बाहर निकली तो देखा कि गाय के जगह-जगह चोटें आ गई थी। ग्रामीण अंकित,राजकुमार जय सिंह, आर्यन सरोज, राजवंती देवी, उदय सिंह, जय सिंह सहित दर्जनों लोग रहे।

### केंद्र सरकार पर बदले की राजनीति का आरोप, दर्जनों कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, ईडी के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेसी



**नैनी।** नैनी में बुधवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने कॉटन मिल तिराहा पर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जमुनानगर, के विभिन्न क्षेत्रों से कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि जब सरकार की स्थिति कमजोर होती है, तब वह कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर मुकदमे और नोटिस थोप देती है। शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशावहा ने कहा कि सरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस पर कार्रवाई करती है। जो सरासर गलत है। प्रदर्शन में शामिल दर्जनों कार्यकताओं ने सरकार की नीतियों की आलोचना की। शहर कांग्रेस महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने सरकार के तानाशाही रवैये का विरोध किया। ये विरोध प्रदर्शन रुकने वाला नहीं है। कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। इस मौके पर विनोद चैकब, मुन्ना जाफरी, राज कुमार कुशवाहा, अनुज कुशवाहा, अंकित शाहू, इमरान, सतीश श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# 20 हजार घरों तक पहुंचेगा शुद्ध पेयजल



महापौर द्वारा किया गया बड़े ट्यूबवेल के रिबोर का भूमिपूजन व शिलान्यास

● महापौर ने बड़े ट्यूबवेल के रिबोर किया भूमिपूजन व शिलान्यास

**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी ने बुधवार को ओम प्रकाश सभासद नगर वार्ड नंबर 71 में बड़े ट्यूबवेल के रिबोर के लिए शिलान्यास व भूमिपूजन किया। इसके बनने से स्थानीय लोगों को पेयजल की समस्या दूर हो जाएगी। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि बड़े ट्यूबवेल के निर्माण से आस-पास के 20 हजार घरों में सीधे पीने का पानी जाएगा, जिससे उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद गुलाब सिंह पटेल, पार्षद मुकेश कसेरा, रूद्रसेन जायसवाल, जलकल के एक्सीएन अश्विनी कुमार भास्कर, सीएनडीएक्स के जेई मिथलेश पाल, कौशिकी सिंह पटेल, गिरिजेश मिश्रा, आभा सिंह, शुभम पांडे, बाला, शिव तिवारी, हिमालय सोनकर, विष्णु त्रिपाठी व मोहम्मद सादमान मौजूद रहे।

# शंकरगढ़ में पानी को तरसती जनता, नगर पंचायत पर विधायक की फटकार

● बैठक में सभासदों का फूटा गुस्सा, जमकर हुआ हंगामा

● बैठक के दौरान सभासदों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली



सभासदों व अधिकारियों को फटकार लगाते विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** गर्मी शुरू होते ही शंकरगढ़ नगर पंचायत की पोल खुल गई है। पानी की भारी किल्लत, खराब पड़े टैंकर और जनता की उपेक्षा से नाराज बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में बुलाई बैठक में जमकर फटकार लगाई। बैठक के दौरान सभासदों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। विधायक ने कहा कि नवंबर माह में ही नगर पंचायत को 1.23 करोड़ रुपये विधायक निधि से उपलब्ध कराए गए थे, बावजूद इसके नगरवासियों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में भी उन्होंने शंकरगढ़ की समस्या को उठाया था, जिसके बाद शासन स्तर से 1 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति मिली, लेकिन धरातल पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा।

बैठक में उस समय माहौल गरमा गया, जब कई सभासदों ने प्रशासन पर जानबूझकर योजनाओं की जानकारी न देने और मनमानी करने के आरोप लगाए। सभासदों ने कहा कि बैठकें समय से नहीं होतीं, और जब होती हैं, तब हमें बुलाया तक नहीं जाता। इस पर एक सभासद ने गुस्से में कहा, अब हम दिखावे की बैठकों में नहीं बैठेंगे, सीधे डीएम से शिकायत करेंगे।हंगामे के बीच विधायक ने हस्तक्षेप करते हुए ईओ को सख्त लहजे में चेताया और कहा कि दो-तीन दिन के भीतर खराब पड़े सभी टैंकरों को दुरुस्त कराया जाए। साथ ही उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 30 टैंकर जल्द नगर पंचायत को भेजे जाएं, ताकि पानी की समस्या से राहत मिल सके।बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि छेदी लाल कोटार्य, विधायक प्रतिनिधि फूल चंद्र पटेल, श्यामू निषाद, मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश पटेल, शक्तिमान पाल, मीडिया प्रभारी राम जतन बंसल सभासदगणों में प्रकाश चंद्र गुप्ता,राम कैलाश,चंदन साहू,मोहित लाल सिंह, अतुल प्रकाश,कमलेश कुमार,दीपक केसरवानी, पुष्पा सिंह,रंजना भारती, मोहम्मद शफीक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान रैली का ब्लॉक प्रमुख व खण्ड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**



अभियान में शामिल मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति यादव ब्लॉक प्रमुख धनूपुर तथा खण्ड विकास अधिकारी धनूपुर धीरेन्द्र कुमार

**हंडिया ।** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र धनूपुर में विकास खण्ड स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली को मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति यादव ब्लॉक प्रमुख धनूपुर तथा खण्ड विकास अधिकारी धनूपुर धीरेन्द्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर शैलपति यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। रैली के माध्यम से विकास खण्ड में आच्छादित समस्त विद्यालयों में 6 वर्ष की उम्र पूरा कर चुके बच्चों का सत प्रतिशत नामांकन अपने अपने नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में कराने हेतु जागरूक किया तथा अपील किया कि इस रैली के माध्यम से सभी विद्यालय प्रमुख यह शपथ ले की एक भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे, सत प्रतिशत नामांकन अपलोगो की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। रैली में स्काउट गाइड के बच्चे अपने बैंड,बाजे गाजे के साथ हाथों में पोस्टर बैनर के साथ सैकड़ों की संख्या में विद्यालयों से आए बच्चें, अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम में मुख्यतः अफरोज अहमद, रघुबीर कुमार,बसंत लाल, कमल गुप्ता, हरिश्चंद्र, उमाशंकर, रुद्र प्रभाकर, अमर बहादुर, अभिषेक कुमार, गंगाधर, जय प्रकाश, सचिव मौर्य, बच्चा लाल, करुणा राय,नीति रैना, मुजफ्फर सहित सैकड़ो की संख्या में अध्यापक अध्यापिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# विकास खंड करछना के गांवों में वर्षों से अधर में लटकी है करोड़ों की परियोजनाएं

**अखंड भारत संदेश**

● एसडीएम के आदेश के बाद भूमि का सीमांकन नहीं किए राजस्व कर्मी

**करछना।** जनपद के विकास खंड करछना के ग्यारह ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं को राजस्व विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही के चलते वर्षों से लम्बित आदेशों का पालन न करने वाले कर्मचारियों की बदौलत धरातल पर नहीं उतर पा रही है। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं तहसील प्रशासन द्वारा भूमि का सीमांकन गांव स्तर पर न किए जाने पर योजनाओं का कार्य शुरू नहीं किया जा सका है जिसके लिए विकास खंड के अधिकारी अनगिनत लिखित शिकायत एसडीएम से किया जा चुका है लेकिन वर्षों पूर्व के एसडीएम के आदेश को लेखपाल, नायब तहसीलदार व अन्य राजस्व कर्मी ठन्डे बस्ते में डाल देते हैं। विकास खंड करछना के एडीओ पंचायत रामशिरोमणि त्रिपाठी एवं दर्जनों पंचायत सचिवों ने वुधवार को करछना एसडीएम तपन कुमार मिश्रा से शिकायत दर्ज कराई है कि विकास खंड करछना अंतर्गत ग्राम पंचायत बस्तर, मझुआ, तेवरिया खुर्द, जगौती, सुलमई, नीबी, खाई नौवां, नरैना, देवरी कला की ग्राम पंचायतों में उत्तर प्रदेश सरकार ने करोड़ों रुपए आवंटित किया है कि उक्त गांवों आर. आर. सी. सेंटर, कूड़ासंगह केंद्र आदि कयी महत्वपूर्ण योजनाएं लम्बित है,गांव का कचरा कूड़ा संग्रह केंद्र में एकत्रित किया जा सके और गांवों गंदगी दूर हो सकें, लेकिन गांवों में सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने को लेकर परियोजनाओं का कार्य ठप हो गया है, जिस पर तहसील प्रशासन जमीनों की पैमाइश सीमांकन किए बगैर वर्षों से प्रभावित है परियोजनाएं।

# शिक्षा माफियाओं पब्लिकेशन निजी स्कूलों की अवैध मनमानी वसूली के खिलाफ आंदोलन करेगी समाजवादी पार्टी : सोमदत्त पटेल

**अखंड भारत संदेश**



तहसीलदार कोरांव को सूचना पत्र सौंपते सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी

**कोराव।** विधानसभा के अंदर निजी प्राइवेट स्कूलों पब्लिकेशनश माफियाओं के खिलाफ जनहित अभिभावकों के हित में अवैध वसूली मनमानी वसूली कापी किताब ड्रेस स्कूल वाहनो मनमानी फीस वसूली के विरोध में समाजवादी पार्टी के लोग विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल के नेतृत्व में दिनाँक 19 दिन शनिवार समय 11 बजे पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने बोला आज भीषण मंहगाई जहां एक ओर चल रही हैं वहीं दुसरी ओर कमर तोड़ मंहगाई में 1 से लेकर 5 तक की शिक्षा पूरी करा पाना अभिभावकों के लिए पहाड़ जैसा साबित हो रहा है और इस कदर वसूली से अभिभावकों मे भारी मात्रा में आक्रोश ब्यापत है लोगों को अपने बच्चों को शिक्षा दिला पाना दूभर हो रहा है उसी क्रम में आज सपा के चर्चित नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने सूचना के तौर पर सूचना पत्र तहसीलदार कोराव विनय बरनवाल जी को सौंपा है और इस गंभीर समस्या पर ध्यान आकृष्ट करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को बुलाने की माँग किया है साथ ही मांग किया है की उक्त अवैध वसूली को बंद कराते हुए कोई निश्चित फीस का मानक तय करने के माँग किया है अन्यथा की दृष्टि में आंदोलन की जिम्मेदारी शाशन प्रशासन की होगी सूचना पत्र देने वालो में सपा के विधानसभा उपाध्यक्ष यादवेंदर अहीर उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन पुलिस चौकी में हुई तब्दील एसीपी, महापौर व जिलाध्यक्ष काटा फीता

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के जौनपुर मार्ग पर स्थित रहिमापुर में नई पुलिस चौकी का एसीपी झूंसी विमल किशोर मिश्रा, महापौर गणेश केशरवानी, भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान, थानाध्यक्ष झूंसी उपेंद्र सिंह, पार्षद सियाराम मौर्य ने फीता काट कर उद्घाटन किया।

इस दौरान उपस्थित को संबोधित करते हुए एसीपी विमल किशोर मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में चौकी खुलने से लोगों को सुरक्षा मिलेगी। मलावा गांव में स्थित पंचायत भवन नगर निगम में शामिल होने के बाद खाली पड़ा था। जिसे पुलिस चौकी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस चौकी उद्घाटन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान पार्षद छतनाग शिवनारायण यादव, महामंत्री मनोज निषाद, मंडल अध्यक्ष रोहित निषाद, पवन पांडे, पार्षद सुमित निषाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## गोली मारने वाले आरोपियों का नहीं लगा सुराग, पुलिस के हाथ खाली

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम ठेंगई का पूरा निवासी होरी लाल पटेल और उनके पुत्र सोमवार को रिश्तेदार के यहां से निमंत्रण करके घर वापस आ रहे थे। बताया गया है कि देर रात में घर वापसी के दौरान ग्राम रुध्रशाह नहर पुलिया के पास दो बाइकों से पांच बदमाशों ने सुरेंद्र कुमार पटेल और उनके पिता होरी लाल पटेल की तलाशी ली । होरी लाल ने एक बदमाश को पकड़ लिए। जिसपर एक अन्य ने बायें जांघ में गोली मार कर भा गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध होरी लाल को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया है। जख़्मी के पुत्र सुरेंद्र कुमार पटेल ने मऊआइमा थाने में चार पांच अज्ञातों के खिलाफ मंगलवार को मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। आरोप है कि अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। जिससे भुक्तभोगी का परिवार सहमा हुआ है।

# एकता स्वयं सहायता समूह का कोटे में चयन



बैठक में उपस्थित अधिकारीगण

**सोरांव।** गुरुवार को ग्राम पंचायत थरवई में उचित दर विक्रेता चयन हेतु खुली बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शासन के आदेशानुसार स्वयं सहायता समूहों को कोटा आवंटन में प्राथमिकता दिए जाने के क्रम में पांच समूहों अम्बा समूह, देव समूह, गौरा समूह, शिव समूह और एकता समूह द्वारा आवेदन किया गया। जिसमें उपस्थिति जनसमूह द्वारा नियमानुसार क्रियाशील सदस्यों और ग्रेडिंग के आधार पर एकता स्वयं सहायता समूह का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में ग्राम प्रधान राजेश कुमार,सेक्टर प्रभारी राकेश कुमार सहायक विकास पंचायत पंचायत सुरेंद्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी आई एस बी भूपेंद्र सिंह, बी एम एम धर्मेंद्र कुमार, सचिव मिथिलेश मिश्र, यशवंत सिंह और थरवई सचिव मुकेश कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान और सचिव थरवई द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों और ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गई।

# उमेश पाल हत्याकांड : माफिया अतीक का रिश्तेदार खालिद जफर भी बना वांटेड, तलाश में जुटी कई टीम

**प्रयागराज।** इंटर स्टेट आइएस गैंग के गैंग लीडर रहे माफिया अतीक अहमद का रिश्तेदार खालिद जफर भी वांटेड हो गया है। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपित खालिद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगा दी गई हैं। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही उसके खिलाफ भी कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। साथ ही अपराध से अर्जित उसकी संपत्तियों का पता लगाकर कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

धूमनगंज के जयंतीपुर में 24 जनवरी 2023 की शाम गोली व बम मारकर उमेश पाल और सुरक्षा में लगे दो सिपाहियों की हत्या कर दी गई थी। इस वारदात के बाद पूरे प्रदेश में खलबली मच गई थी। पुलिस और एसटीएफ की टीम ने आरोपितों की तलाश में सर्च आपरेशन चलाया। इसके बाद मुठभेड़ के दौरान कई अभियुक्तों को ढेर कर दिया। हालांकि बम फेंकने की स्टाइल से कुख्यात गुड्डू काफी चर्चा में आया था।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजय बहादुर सिंह पुत्र रघुनाथ सहाय सिंह निवासी ग्राम घासीपुर पोस्ट कटरी थाना पश्चिम शरीरा तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी का रहने वाला हूं मेरे दो पुत्र बड़ा पुष्पेंद्र सिंह वा छोटा रविशंकर सिंह है मेरा बड़ा पुत्र पुष्पेंद्र सिंह का चाल चलन सही नहीं है बुरी संगत में रहता है जिसके कारण अपनी समस्त चल वा अचल संपत्ति से अपने बड़े पुत्र पुष्पेंद्र सिंह को बेदखल कर रहा हूं मेरे परिवार के किसी भी सदस्य वा मेरे से उसका कोई सरोकार वास्ता मतलब नहीं होगा पुष्पेंद्र सिंह द्वारा किया गया अपराधिक कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरे परिवार और मुझसे उसका कोई मतलब सरोकार नहीं होगा।

# 'गणित में फेल है आपकी बेटी...पास करवाना है तो भेजो रुपए', ऐसे कॉल से रहें सावधान

अमित पाण्डेय

**● साइबर ठगों के आगे बोर्ड बेबस, नहीं होती कार्यवाही**

**प्रयागराज।** बुधवार को सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा 10वीं 12वीं रिजल्ट 2025 जारी करने से पहले छात्रों और अभिभावकों को साइबर फ्रॉड के प्रति आगाह किया है। बोर्ड ने अभिभावकों से कहा है कि वे जाल में न फंसें और नंबर बढ़ाने के लिए पैसे न भेजें।

गौरतलब है कि यूपी बोर्ड जल्द ही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के नतीजे घोषित करेगा। पिछले वर्ष 20 अप्रैल को बोर्ड द्वारा नतीजे जारी किए गए थे। इस बार भी बोर्ड द्वारा रिजल्ट को लेकर सारी तैयारी पूरी की जा चुकी है। परीक्षा के परिणाम से पहले साइबर शातिर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को ठगने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

साइबर ठगों द्वारा छात्रों और अभिभावकों को फोन कर बोर्ड परीक्षा में अंक बढ़ाने का लालच देकर रुपये की मांग कई दिनो से की जा रही हैं। शिकायत मिलने पर बोर्ड सचिव भगवती सिंह द्वारा छात्रों और अभिभावकों को आगाह किया है कि साइबर ठगों के इस प्रकार के फोन कॉल और प्रलोभन में न फंसे।




ऐसे अनजान फोन कॉल आने पर तत्काल इसकी सूचना अपने जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक को दें।

बताते चलें कि पिछले कई वर्षों से इस प्रकार के मामले सामने आए हैं। पिछले साल परिणाम घोषित होने के बाद जिन परीक्षार्थियों ने अपनी कॉपियों की स्क्रूटनी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, उन्हें साइबर ठग अपना शिकार बनाने की कोशिश में लगे थे। ऐसे साइबर ठगो द्वारा अपने को बोर्ड ऑफिस का कर्मचारी बताया जाता है और फिर अंक बढ़वाने या फेल से पास करवाने के नाम पर रुपयों की मांग की जाती है। यूपी बोर्ड के अधिकारियों द्वारा साइबर ठगों पर ठोस कार्रवाई न होने के चलते हर साल साइबर ठगों का गैंग सक्रिय हो जाता है।

यमुनापार के तहसील करछना अन्तर्गत एक छात्रा के अभिभावक के पास साइबर ठग द्वारा फोन आया और उसने गणित में फेल होने की बात कही। उसने कहा कि आपकी बेटी गणित विषय में फेल है, उसे पास करवाना है तो पांच हजार रुपए तुरंत फोन पे पर भेजो। इस पर अभिभावक ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित विद्यालय को दी। ऐसे हजारों कॉल प्रतिदिन छात्रों के पास आ रही है। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को साइबर ठगों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जानी चाहिए।

# शादी की है तो समाज का सामना भी करें : हाईकोर्ट

**● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की टिप्पणी मर्जी से शादी करने से कोई सुरक्षा का अधिकार नहीं मिलता**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अपनी मर्जी से शादी करने मात्र से जोड़े को सुरक्षा की मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। यदि उनके साथ दुर्व्यवहार या मारपीट की जाती है तो कोर्ट और पुलिस उनके बचाव में आएगी। उन्हें एक-दूसरे के साथ खड़े होकर समाज का सामना करना चाहिए।ये आदेश मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव



ने चित्रकूट की श्रेया केसरवानी और अन्य की याचिका का निपटारा करते हुए दिया। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए कहा- जिन्होंने अपनी मर्जी से शादी कर ली हो, कोर्ट ऐसे युवाओं को सुरक्षा देने के लिए नहीं बनी है। सुरक्षा की गुहार लगाने के लिए उन्हें वास्तविक खतरा होना चाहिए।चित्रकूट में युवक ने लव मैरिज की। इसके बाद कोर्ट में सुरक्षा को लेकर याचिका दायर की। कोर्ट ने कहा- याचिकाकताओं ने रढ चित्रकूट को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस वास्तविक खतरे की स्थिति को देखकर कानून के मुताबिक जरूरी कदम उठाए। याचियों ने कोर्ट में अपील की थी कि हमारे जीवन में विपक्षी हस्तक्षेप न करें।

कोर्ट ने कहा- याचिकाकताओं पर ऐसा कोई खतरा नहीं दिख रहा, जिसके आधार पर उन्हें पुलिस संरक्षण दिलाया जाए। दूसरे पक्ष की तरफ से याचियों पर शारीरिक या मानसिक हमला करने का कोई सबूत नहीं है। याचियों ने विपक्षियों के किसी आचरण को लेकर ऋक्षफ दर्ज करने की पुलिस को कोई अर्जी नहीं दी है। इसलिए पुलिस सुरक्षा देने का कोई केस नहीं बनता।

# बिना आधार के भी होगा बच्चों का एडमिशन, न करने पर होगी कार्यवाही : बीएसए

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** परिषदीय विद्यालयों में नए शिक्षा सत्र की शुरूआत हो गई है। विभागीय अधिकारियों व शिक्षकों द्वारा शिक्षण पद्धति को और खास बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण तिवारी द्वारा एक आदेश जारी किया गया, जिसमें उन्होंने साफ स्पष्ट किया है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में जिन बच्चों के पास आधार नहीं है उन्हें प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभिभावकों ने सूचित किया है कि बच्चों की प्रवेश की न्यूनतम आयु पूरी करने के बावजूद आधार नामांकन न होने के कारण कुछ प्रधानाध्यापक बच्चों का प्रवेश नहीं कर रहे हैं। बीएसए ने निर्देशित किया है कि प्रवेश की न्यूनतम आयु पूरी करने वाले बच्चों का प्रवेश आयुसंगत कक्षा में कराना सुनिश्चित करें। आधार नामांकन न होने के आधार पर किसी बच्चे का प्रवेश किसी सूरत में न रोका जाए। ऐसे किसी प्रकरण की जानकारी होने पर संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। साथ ही स्कूल चलो अभियान के तहत अपने क्षेत्र के शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने को निर्देश दिया गया है।

# नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग को दी गई विदाई, चंदौली के बने जिलाधिकारी

**● प्रयागराज महाकुंभ-2025 की ऐतिहासिक सफाई व्यवस्था और नवाचारों में निभाई अग्रणी भूमिका**

**● शिवालय पार्क, बायो सीएनजी प्लांट, लिगेसी वेस्ट निस्तारण और स्मार्ट क्लासेज जैसी पहल बनीं मील का पत्थर**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बुधवार शाम नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग (आईएएस) को एक गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई दी। गर्ग को जनपद चंदौली का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके कार्यकाल को प्रयागराज नगर निगम और शहरवासियों के लिए अनेक विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए सदैव याद किया जाएगा।

निगम के स्मार्ट सिटी हॉल में हुए कार्यक्रम में महापौर गणेश चंद्र उमेश केसरवानी ने कहा कि, चंद्र मोहन गर्ग ने नगर निगम में अपने कार्यकाल के दौरान प्रयागराज के समग्र विकास और स्वच्छता को प्राथमिकता दी। सभी को साथ लेकर चले और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके चलते प्रयागराज का गुणात्मक विकास हुआ है। वहीं दो साल में ही कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। कार्यक्षमता के कारण लोगों का विश्वास जीता है। माननीय प्रधानमंत्री की सोच को मूर्त रूप देने का काम किया है। नाली, कचरा साफ करना तो निगम का काम है, लेकिन इससे हटकर स्कूलों, और शहर को सुव्यवस्थित और सुंदर बनाने का काम किया है। महापौर ने कहा कि, महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन में नगर निगम की उत्कृष्ट व्यवस्था, शिवालय पार्क और बायो सीएनजी प्लांट जैसे नवाचारों ने नगर की पहचान को नई ऊंचाई दी।



नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग को भावभीनी विदाई महापौर

उन्होंने प्रयागराज में पर्यावरण संतुलन, जनसुविधाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अद्वितीय कार्य किए हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।विदाई समारोह में आईएएस गर्ग ने कहा कि, प्रयागराज में नगर आयुक्त के रूप में कार्य करना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात रही। मैं प्रयागराज नगर निगम के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और माननीय महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरी के कुशल नेतृत्व का आभारी हूं, जिनके सहयोग से यह कार्यकाल अत्यंत सफल और संतोषजनक रहा। प्रयागराज की जनता का अपार प्रेम और सहयोग सदैव स्मरणीय रहेगा। इससे पहले महापौर, पार्षदगणों और अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने शाल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।

## महाकुंभ के सफल आयोजन, स्वच्छता और राजस्व वृद्धि में रही भूमिका

महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के दौरान नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था और गंगा नदी की सफाई के कार्यों में नगर आयुक्त रहे चंद्र मोहन गर्ग की नेतृत्व क्षमता ने विशेष भूमिका निभाई। उनके निर्देशन में अरैल (नैनी) क्षेत्र में 17 करोड़ रुपये की लागत से ह्यशिवालय पार्कह्न का निर्माण हुआ, जो वेस्ट टू वेल्थ अवधारणा का एक शानदार उदाहरण है। बसवार क्षेत्र में लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के साथ ही नवाचारों को बढ़ावा देते हुए राजस्व वृद्धि सुनिश्चित की गई। वहीं, जहांगीराबाद, नैनी में बायो सीएनजी प्लांट और पीपीपी मॉडल के तहत मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (टफ्रऋ) और स्मार्ट पार्कों का विकास किया गया। गर्ग के नेतृत्व में प्रयागराज में पहली बार नदी की सफाई में ह्यजियो ट्यूब टेक्नोलॉजीह्न का प्रयोग किया गया। बेसहारा पशुओं और कुत्तों के संरक्षण व नियंत्रण के लिए योजनाएं लागू की गईं, जिनके तहत 16,000 से अधिक कुत्तों की नसबंदी की गई। गोशाला का निर्माण, दिव्यांग पार्क, सीनियर सिटीजन पार्क और साहित्य पार्क जैसी योजनाएं भी उनके प्रयासों का परिणाम हैं। शहर के विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज की शुरूआत और नैनी में महिला छात्रावास व मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की योजना उनके कार्यकाल की अन्य प्रमुख उपलब्धियां रहीं।

## अब आईएएस सीलम साई तेजा नए नगर आयुक्त

प्रयागराज नगर निगम के नए नगर आयुक्त के रूप में सीलम साई तेजा जिम्मेदारी संभालेंगे। 2018 बैच के आईएएस अफसर सीलम साई तेजा हैदराबाद के रहने वाले हैं। इससे पहले तेजा जौनपुर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। नगर निगम परिवार उनके आगमन का स्वागत करता है और आशा करता है कि उनके नेतृत्व में प्रयागराज का विकास यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

# शिक्षा ही है हलवाई समाज के उत्थान का मार्ग : सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद गुप्ता


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** श्री कान्य कुब्ज वैश्य हलवाई धर्मशाला, कीडगंज में हलवाई समाज के शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद गुप्ता ने कहा कि समाज में शिक्षा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा से ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मजबूती आती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिपिन बिहारी लाल गुप्ता ने कहा कि समाज को एकजुट करने के लिए सभी को अपने 'मैं' भाव को त्यागना होगा। आशीष गुप्ता ने हलवाई समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज पहले से ही सेवा में अग्रणी रहा है। अन्य वक्ताओं में प्रशांत गुप्ता, ललित गुप्ता, विभा गुप्ता व भावना गुप्ता सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। अंत में सभी जिला समन्वयकों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन और आयोजन आशीष गुप्ता ने किया।

## संगम में नहाते समय तीन लोग डूबे, सीएफओ के रिश्तेदार की मौत

**प्रयागराज।** संगम में स्नान के दौरान बुधवार को तीन लोग डूब गए। जल पुलिस के जवानों ने दो लोगों को बचा लिया, लेकिन मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) के 21 वर्षीय रिश्तेदार हर्ष शर्मा की मौत हो गई। इससे परिवार और रिश्तेदार गम में डूब गए। घरवाले बिना पोस्टमार्टम करवाए ही शव को लेकर चले गए। बताया गया है कि प्रमोद शर्मा कानपुर नगर में सीएफओ हैं। उनके भांजे का साला हर्ष शर्मा था, जो हापुड़ का रहने वाला था। मंगलवार को सीएफओ अपने परिवार व रिश्तेदार के कुल 12 सदस्यों के साथ प्रयागराज आए। यहां एक होटल में सभी लोग ठहरे और बुधवार सुबह संगम स्नान के लिए किला घाट पर पहुंचे। किलाघाट पर सभी लोग दो नाव पर सवार होकर संगम पहुंचकर स्नान करने लगे। इसी दौरान तीन लोग स्नान करते हुए गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। शोर सुनकर जल पुलिस के जवान और गोताखोर पानी में कूद पड़े। उन्होंने दो लोगों को बचा लिया लेकिन हर्ष शर्मा डूब गया। हादसे की खबर पाते ही सीएफओ प्रयागराज आरके पांडेय भी संगम पहुंच गए। जल पुलिस के जवानों और गोताखोरों ने हर्ष शर्मा को किसी तरह बाहर निकाला और फिर उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में मातम छा गया।

# जमीन विवाद में हुई थी चंद्रकांत मिश्रा की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

**पिता-पुत्र समेत दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद**

अखंड भारत संदेश



**खीरी, प्रयागराज।** जमीन विवाद को लेकर हुई चंद्रकांत मिश्रा की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यमुनानगर की खीरी और एसओजी पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।डीसीपी यमुना नगर विवेक सी यादव के मुताबिक, बुधवार को खीरी के गड़री नहर पुलिया के पास से शुभम सिंह उर्फ सर्वशक्ति सिंह और विजय सिंह को पकड़ा गया। दोनों मध्य प्रदेश के रीवा जिले के चाकघाट थाना क्षेत्र के कुडरी गांव के रहने वाले हैं।मृतक के भाई मिथिलेश मिश्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। 9 अप्रैल को चंद्रकांत मिश्र खेत में गेहूं की मड़ाई करा रहे थे। इसी दौरान उन पर गोली चलाई गई। उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शुरूआती जांच में बलवीर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि हत्या की योजना बलवीर सिंह के बेटे शुभम और विजय सिंह ने बनाई थी। पूछताछ में शुभम ने बताया कि उसके पिता का मृतक से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।वारदात के बाद विजय सिंह ने शुभम की मां और बहन को बाइक से छोड़ा। शुभम अपने पिता के साथ फरार हो गया। दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार थे।बुधवार को कस्बे के बाजार की ओर जाते समय पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। दोनों आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# राजन जी महाराज के मुखारविंद से श्रीराम जन्म, बाल लीला प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए हजारों श्रोता

**जंघई।** पूज्य मठिया महावीर हनुमान जी श्रीपुर गड़ौरा मेला मैदान के प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा विश्व प्रसिद्ध कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज के मुखारविंद से चल रही है। कथावाचक राजन जी महाराज के द्वारा भगवान से जुड़े प्रसंगों का मनमोहक वर्णन सुनने के लिए हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। नौ दिवसीय कथा के तीसरे एवं चौथे दिन जब प्रभु श्री राम के जन्म व उनकी बाल लीलाओं की प्रसंग प्रस्तुत किया तो पंडाल में मौजूद भक्त भाव विभोर हो उठे। महाराज ने बताया कि अयोध्या नरेश राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाने के बाद विष्णु भगवान प्रकट हुए और उन्होंने माता कौशल्या को चतुभुर्जी रूप दिखाकर बताया कि वे शीघ्र ही आपके गर्भ से मनुष्य अवतार लेकर आएंगे। पुत्रेष्ठी यज्ञ का प्रसाद ग्रहण करने के बाद माता



कौशल्या को राम, सुमित्रा को लक्ष्मण तथा कैकई को भरत और शत्रुघ्न पैदा हुए। पूरी अयोध्या को सजाकर खुशियां मनाई गई और घर-घर दीपक जलाए गए। रामजन्म के अतिरिक्त प्रभु राम की बाल लीलाओं व कागभुशुण्डि पर राम कृपा आदि अनेक प्रसंग भी सुनाए। इसके पूर्व महाराज ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब असुरों का अत्याचार बढ़ा, तब-तब ईश्वर ने किसी न किसी रूप में अवतार लेकर असुरों का संहार



किया। जब धरा पर धर्म के स्थान पर अधर्म बढ़ने लगता है, तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर को आना पड़ता है। भगवान राम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की और लोगों का कल्याण किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि प्रभु श्री राम ने अपने अनुज लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के साथ, गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा प्राप्त की, जहां उन्हें अस्त्र-शस्त्र, शास्त्र और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। जबकि विश्वामित्र ने राम को धनुर्विद्या और शास्त्र विद्या का ज्ञान दिया। राम ने अपने जीवन में धर्म, सत्य, दया, करुणा और कर्तव्य परायणता का पाठ समाज को सिखाया। नौ दिवसीय रामकथा के चौथे दिन महाराज ने श्रीराम के बाल लीलाओं, भरत चरित्र, सती चरित्र और अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया। राम के बालपन की लीलाओं का वर्णन किया, जिसमें उनकी चपलता, शरारतें और गुरु के प्रति उनका समर्पण शामिल था। भरत के चरित्र का वर्णन किया, जिसमें उनकी राम के प्रति निष्ठा, समर्पण और भाई-भक्ति शामिल थी। भगवान के भजनों की स्वर लहरियां पंडाल में गूंजती रहीं। हजारों श्रद्धालु देर तक भक्ति की गंगा में गोते लगाते रहे पंडाल में भक्ति की धारा बहती रही। आयोजकों द्वारा आरती प्रसाद वितरण करवाया गया कथा श्रवण करने हेतु हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## इरफान सोलंकी की जमानत अर्जी पर अब आठ को सुनवाई, राज्य सरकार ने दाखिल किया जवाब

प्रयागराज। कानपुर में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी तथा सहयोगी इजराइल आटे वाला को गैंग्सटर मामले में फिलहाल जमानत नहीं मिल सकी है। जमानत अर्जी पर अब आठ मई को सुनवाई होगी। बुधवार को इस मामले में राज्य सरकार की ओर से न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत में अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल तथा अपर शासकीय अधिवक्ता विकास सहाय ने जवाब दाखिल किया। इस हलफनामे में कहा गया है कि तीनों अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास है। गैंगचार्ट में भी इरफान पर एक मुकदमा व रिजवान तथा इजरायल पर दो दो मुकदमे दर्ज हैं। इनके खिलाफ कानपुर के जाजमऊ थाने में कई मुकदमे हैं। कोर्ट ने इरफान के अधिवक्ताओं सगीर अहमद और विनीत विक्रम को प्रतिउत्तर दाखिल करने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई के लिए आठ मई की तिथि नियत की है।

# नगर पंचायत सिरसा में सभासद पद के चुनाव हेतु चार प्रत्याशियों के खरीदे गए पर्चों की हुई जांच

**● 19 अप्रैल को है नाम वापसी की प्रक्रिया चुनाव को लेकर अटकलों का बाजार गर्म**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** नगर पंचायत सिरसा के वार्ड संख्या छह में सभासद पद के लिए हो रहे चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। दस अप्रैल से 15 अप्रैल तक चली नामांकन प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद 16 अप्रैल को कुल चार प्रत्याशियों द्वारा खरीदे गए फार्मों की जांच पड़ताल हुई जिसमें सभी फॉर्म सही पाए गए। मेजा तहसीलदार न्यायालय में बुधवार को विधिवत सभी फॉर्म चेक किए गए। इसके बाद अन्य प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मतदान दो मई को होना है। उल्लेखनीय है कि सिरसा नगर पंचायत के वार्ड संख्या छह (पूरा जगन्नाथ मुहल्ला) के सभासद मोनू मिश्रा की मौत के बाद यह पद रिक्त था चुनाव की रिटर्निंग अफसर बनाई गई मेजा की तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि 10 से 15 अप्रैल तक नामांकन पत्र की बिक्री की जाएगी और 16 अप्रैल को नामों की वापसी होगी जिसके क्रम में कुल चार प्रत्याशियों शिव कुमार सिंह पुत्र गणेश प्रसाद सिंह,वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र रमाकान्त,जय विजय सिंह पुत्र अशर्फी लाल और श्रीनाथ पुत्र देवी प्रसाद ने बतौर उम्मीदवार पर्चा खरीदा था। उप निर्वाचन अधिकारी एनटी लालतारा के राजेंद्र सिंह के अनुसार इस वार्ड के कुल 1026 मतदाता दो मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतगणना पांच मई को कराई जाएगी। माना जा रहा है कि नगर पंचायत सिरसा के वार्ड नंबर छः में हो रहे सभासद के चुनाव को लेकर इन दिनों सरगर्मियां जहां काफी तेज हो गई हैं वहीं चुनाव के मद्देनजर अटकलों का बाजार भी गर्म होता प्रतीत हो रहा है।

# डीएम की सख्ती का दिखा असर, 626 हैण्डपम्प रिबोर व 1077 हैण्डपम्प की हुई मरम्मत


पेयजल के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा करते जिलाधिकारी


अमृत सरोवर में भराया गया पानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में पेयजल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। डीएम द्वारा 01 अप्रैल को पेयजल की समस्याओं के दृष्टिगत खण्ड विकास अधिकारियों, ईओ को निर्देश दिये गये थे कि 15 से 20 दिन का अभियान चलाकर जो भी हैण्डपम्प रिबोर योग्य है उन्हें रिबोर कराया जाये और जो भी हैण्डपम्प मरम्मत योग्य है उनकी मरम्मत करायी जाये, डीएम की सख्ती का असर देखा गया और जनपद के समस्त विकास खण्डों में 746 हैण्डपम्प रिबोर होने हेतु चिन्हित किये गये थे जिनमें से 626 हैण्डपम्प रिबोर हो गये है और 126 हैण्डपम्प रिबोर हेतु अवशेष है। इसी प्रकार जनपद में 1284 हैण्डपम्प मरम्मत हेतु चिन्हित किये गये थे जिनमें से 1077 हैण्डपम्प की मरम्मत हो गयी है और 207 हैण्डपम्प मरम्मत योग्य अवशेष है।

**● सत्यापन में गलत पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम**

डीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जो भी हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर हेतु अवशेष है उन्हें एक सप्ताह में अभियान चलाकर पूर्ण कराया जाये जिससे लोगों की पानी की समस्याओं को दूर कराया जा सके। जनपद में जो भी कुयें है उनका सर्वे कराया गया जिसमें 6708 कुयें पाये गये। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक राजस्व ग्रामों में एक कुओं को चिन्हित कर क्रियाशील कराया जाये। जल निगम के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है उन सभी की मानीटरिंग निरन्तर करते रहे और जो भी कमियां दिखे उसे दुरूस्त कराया जाये जिससे पेयजल परियोजनायें यथाशीघ्र प्रारम्भ हो सके। अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जो भी हैण्डपम्प खराब होते है उन्हें तत्काल 24 से 48 घंटों के बीच मरम्मत कराया जाये। ईओ नगर पालिका परिषद ने बताया क 13 वाटर कूलर खराब थे उन्हें ठीक करा दिया गया है। इसी प्रकार अन्य अधिशासी अधिकारियों ने बताया कि जो भी वाटर कूलर खराब थे उन्हें ठीक करा दिया गया है। समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सुबह-शाम अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करें जहां पर गन्दगी दिखायी दे उसे तत्काल साफ कराया जाये। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गो-आश्रय स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था पूर्ण रूप से रहे जिससे किसी भी गोवंश की प्यास की वजह से मृत्यु न होने पाये, यदि प्यास की वजह से किसी भी गो संरक्षण केन्द्रों में गोवंश की मृत्यु होती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि जो भी हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर हुये है, जिन अमृत सरावरों में पानी भराया गया है उन स्थलों का सत्यापन कराया जाये यदि सत्यापन रिपोर्ट में गलत पाया जायेगा तो सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालयों में आग से बचाव हेतु अग्निशमन यंत्र लगाये जाये, सभी कार्यालयों में मिट्टी के घड़ों मे पानी भरकर रखा जाये। चकरोड एवं नालियों का कार्य समय से करा लिया जाये। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अधिकारी अपने स्तर से जो भी बैठकें नियमित करते है उसके अनुपालन आख्या सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूल बस में ट्रक ने मारी टक्कर चालक व परिचालक की मौत

**अखंड भारत संदेश**


हादसे में क्षतिग्रस्त स्कूल बस

**पट्टी।** सुल्तानपुर से प्रतापगढ़ की तरफ आ रही मिनी स्कूल बस को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक ने मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुल्तानपुर जनपद के जयपुरिया स्कूल की मिनी बस बुधवार को सुबह प्रतापगढ़ की तरफ आ रही थी। जैसे ही बस प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर धरौली मधुपुर गांव के पास पहुंची थी कि सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक को लेकर सड़क के किनारे खेत में घुस गया। इस घटना में स्कूल बस चालक राजित राम यादव (48) पुत्र जियालाल पूरे महोबा शाह थाना कोतवाली देहात जनपद सुल्तानपुर की मौत हो गई। जबकि सहायक शिव मूर्ति तिवारी (60) पुत्र भूलई तिवारी गांव कैफा थाना पीपरपुर सुल्तानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। शव का पंचनामा का पोस्टमार्टम के लिए बुधवार को दिन में करीब 11बजे जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वहीं परिचालक की गंभीर हालत में प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज इलाज चल रहा था इलाज के दौरान परिचालक की भी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कार की टक्कर से पत्नी के बाद पति की भी हुई मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** कार की टक्कर से घायल बाइक सवार दम्पती में पत्नी की मौत के कुछ घंटे बाद ही पति की भी सांस थम गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी को कार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। शांति सुरक्षा को लेकर मृतक के गांव में एहतियातन पुलिस बल की मौजूदगी बनी हुई है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पश्चिम गांव निवासी पचपन वर्षीय कमलेश रजक मंगलवार की शाम करीब चार बजे बाइक से अपनी पत्नी शिवपती 52 को लेकर खरीददारी करने सांगीपुर बाजार जा रहा था। सांगीपुर बाजार स्थित एक नर्सिंग होम के पास अचानक पीछे से आ रही अज्ञात कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दम्पती गंभीर रूप से घायल हो गये। सांगीपुर सीएचसी में चिकित्सकों ने शिवपती को मृत घोषित कर दिया। वही गंभीर रूप से घायल कमलेश रजक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल से चिकित्सकों ने उसे स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज ले जाते समय रात करीब साढ़े दस बजे रास्ते में कमलेश की भी मौत हो गयी। दम्पती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। एसओ मनीष कुमार त्रिपाठी का कहना है कि आरोपी कार चालक को कार के साथ गिरफ्तार किया गया है। मृतक के बेटे मुकेश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार बाइक सवार पलटा, गंभीर

**पट्टी।** तेज रफ्तार बाइक सवार अचानक बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आई हैं।बाबूगंज बाजार अंतर्गत समापुर गांव के रहने वाले नन्हे सिंह पुत्र अनंत अपनी बाइक से पट्टी तहसील क्षेत्र में अपने रिश्तेदारी आ रहा था। इस बीच वह पट्टी-प्रतापगढ़ मार्ग पर तरदहां पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा था कि अचानक उसकी बाइक बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके चलते उसे शरीर के अलग-अलग हिस्सों में गंभीर रूप से चोटें आई हैं। राहगीरों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी भेजवाया और परिजनों को सूचना दी।

# गैस सिलेण्डर में हुए रिसाव से लगी आग एक की मौत, आधा दर्जन झुलसे

**अखंड भारत संदेश**


गैस सिलेण्डर के धमाके से धारासाई हुई दीवार

**प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के भंवरी सराय गांव में मंगलवार की देर रात गैस सिलेण्डर से हुए रिसाव को लेकर इस कदर धमाका हुआ कि घर की दो तरफ की दीवार धरासायी हो गयी। जिसमें एक ही घर में रह रहे दो परिवार के आठ सदस्य गंभीर रूप से झुलस गये। धमाके में गंभीर रूप से घायल अशोक की इलाज के दौरान एसआरएन में मौत हो गयी। वहीं गंभीर हालत में सभी झुलसे लोगों का स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज चल रहा है। जहां मृतक अशोक के दोनों पुत्रों सनी व रवि की हालत ज्यादा गंभीर होने के साथ अन्य की भी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। इधर घटना को लेकर बुधवार सुबह एसडीएम व सीएफओ ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और यथासम्भव शासकीय सहायता का आश्वासन दिया। वहीं जानकारी मिलने पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने मेडिकल कालेज प्रशासन से वार्ता कर सभी झुलसे लोगों के समुचित उपचार कराए जाने का आग्रह किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की पुत्री डॉ. विजयश्री सोना ने मेडिकल कालेज पहुंचकर झुलसे लोगों के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं का प्रबन्ध कराया। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से प्रभावितो को तात्कालिक आर्थिक सहायता भी सौंपी। उदयपुर थाना क्षेत्र के भंवरी सराय गांव निवासी अशोक कुमार सरोज तथा उनके छोटे भाई विजय कुमार सरोज परिवार के साथ एक ही मकान के दो हिस्से में रहते हैं। मंगलवार की रात खाना खाने के बाद सभी लोग सो रहे थे। अशोक के कमरे में गैस सिलेण्डर भी रखा था। करीब रात दो बजे अशोक की नींद खुली तो गैस की बदबू होने से उन्होनें लाइट आन किया। बताया जाता है कि बल्ब के जलते ही वह फूट गया और पूरे घर में धमाका हो गया। धमाके के चलते अशोक के घर की दो तरफ की दीवार धरासायी हो गयी। चीखते चिल्लाते अशोक ने परिवार के सदस्यों को उठाया तब घर के लोग बाहर भागे। वहीं अशोक के भाई विजय की पत्नी गीता व बेटी प्रिया व रियांशी भी धमाके की चपेट में आ गये। चीखपुकार सुनकर गांव के लोग भी जुट गये। धमाके की चपेट में आने से अशोक कुमार (40) व उनकी पत्नी रेनू (38) तथा बेटे सनी (15), रवि (12) व किशन (08) के साथ ही विजय की पत्नी गीता (30) तथा पुत्रियां प्रिया (10) व रियांशी (06)झुलस गये। ग्रामीणों ने घायलों को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी भेजवाया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने यहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल से चिकित्सकों ने सभी घायलों को स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। जहां सभी घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना को लेकर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीएफओ राजू उपाध्याय मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। अफसरो ने पीडित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

# विधायक ने पाइप पेयजल योजना का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**


निरीक्षण करते विधायक बाबागंज विनोद सरोज

**प्रतापगढ़।** जल जीवन मिशन ह्यहर घर जलह्न योजनान्तर्गत निर्मित पाइप पेयजल योजना ह्यपटनाह्न का निरीक्षण विधायक बाबागंज विनोद सरोज द्वारा किया गया। विधायक द्वारा जलकल परिसर में निर्मित पम्प हाउस, शिरोपरि जलाशय, सोलर पैनल एवं अन्य कार्यों को देखा गया जो कि समस्त कार्य पूर्ण कर लिये गये है। पाइप पेयजल योजना से पटना ग्राम पंचायत के सभी 08 मजरों में सप्लाई किया जा रहा है। योजना अंतर्गत नलकूप 1 नग, पम्प हाउस 1 नग, शिरोपरि जलाशय 150 किलीध12 मी सोलर पैनल 14 किलोवॉट, जनरेटर 15 केवीए, पाइप लाइन 17.91 किमी0, हाउस कनेक्शन 384 नग कराया गया है। विधायक विनोद सरोज द्वारा ग्रामवासियों से संवाद किया गया तो ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल सप्लाई रेगुलर होती है। उनके द्वारा जलकल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रामवासियों को शेष गृह संयोजन का कार्य पूर्ण व लीकेज मरम्मत कराते हुए पेयजल सप्लाई रेगुलर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित कराये एवं कोई समस्या होने पर उसका तत्काल निस्तारण कराये। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) तौसीफ अहमद, जूनियर इंजीनियर मो0 असद, कार्यरत फर्म के असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर मयूर देरासरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के तहत महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के आयोजकत्व में नगर स्थित साकेत गर्ल्स महिला महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी की अध्यक्षता में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय ने उपास्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनावों में होने वाले अत्यधिक खर्च को रोकने के लिए यह कदम जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक राष्ट्र एक चुनाव पर देशव्यापी चर्चा चल रही है। भाजपा इस विषय पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों से संवाद कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूचि केसरवानी ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि बार-बार चुनाव होने से विकास की गति धीमी होती है और आर्थिक बोझ बढ़ता है। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता आएगी। सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री सुशील सरोज ने किया।इस मौके पर मुख्य रूप से संयोजिका अंजू पांडेय, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, नगर अध्यक्ष कामिनी श्रीवास्तव,पूनम इंसान , महाविद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव,नीलिमा, डॉ. प्रभा के साथ ही मंडल की सभी पदाधिकारी बहनों के अलावा प्रबुद्ध वर्ग की बहने और कॉलेज की छात्राओं की मौजूदगी रही।

## वैदिक मंत्रों से गूंज उठा संस्कृत पाठशाला, समाजसेवी पंकज मिश्रा ने भवन कक्ष का किया उद्घाटन




**बेलखरनाथ धाम।** गुरुकुल पाठशाला में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान बच्चों के वैदिक मंत्रोच्चार से पाठशाला परिसर गूंज उठा।समाजसेवी ने नए भवन कक्ष का उद्घाटन किया। रानीगंज तहसील क्षेत्र के बसिरहा गांव में बुधवार को सेना में धर्म गुरू राज कुमार तिवारी द्वारा चलाए जा रहे आत्मोत्थाम श्री शिवाश्रम कृपा वैदिक ऋषिकुलम गुरुकुल संस्कृत पाठशाला का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शिक्षा ग्रहण कर रहे बटुकों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर लोगों का मन मोह लिया।इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी पंकज मिश्र तथा ट्रस्ट के सहयोग से बने भवन कक्ष का उद्घाटन करते हुए मिश्र ने कहा कि ऐसे कार्यों के लिए हम हमेशा साथ रहेंगे।कार्यक्रम में आउथ इडिया से आईटी सेक्टर में काम करने वाली कृतिका मैडम व उनके पति बिगनेश राम ने बच्चों को पढ़ाने के लिए पाठशाला में लैपटॉप दिया।और कहा कि संस्कृत पाठशाला में ऐसी व्यवस्था करेंगे जिससे प्रतापगढ़ जिले के बच्चे भी आकर शिक्षा ग्रहण कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम पति तिवारी व संचालन राजमणि तिवारी ने किया।इस दौरान पाठशाला के संस्थापक राजकुमार तिवारी ने आएं हुए अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए आभार जताया। कार्यक्रम में श्रीप्रकाश मिश्र,सूरज त्रिपाठी, विनोद कुमार, विपिन कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रंजिश में महिलाओं से हुई झड़प, अश्लील हरकत का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली इलाके के कंजा सराय गुलामी निवासी विवाहिता ने पड़ोसी पर रंजिश में गाली गलौज देने तथा कपड़ा उतार कर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने घटना का वीडियो भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है। कंजा सराय गुलामी निवासी रिजवाना बानो पत्नी निसार अहमद का आरोप है कि पड़ोसी इम्तियाज अहमदरंजिश को लेकर गाली गलौज कर रहा था। विवाहिता ने जब घटना का विरोध जताया तो आरोपी ने पैंट उतार कर अश्लील हरकत शुरू कर दी। जिसका वीडियो परिजनों द्वारा बनाया गया है। महिला ने घटना की नामजद तहरीर देते हुए कोतवाली पुलिस को दी है। साक्ष्य के रूप में वायरल वीडियो भी दिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह के साक्षी बने श्रद्धालु




**प्रतापगढ़।** जिले के विवेक नगर मोहल्ले में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य संजय कृष्ण जी महराज के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के दिव्य विवाह का आनंद लिया। सुंदर झांकी से भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मणी की शादी की गई। इस पावन अवसर पर कथा व्यास ने भगवान की विभिन्न लीलाओं का सजीव वर्णन किया, जिसमें कंस वध, गोपियों की महारासलीला, गोकुल से मथुरा और मथुरा से द्वारका तक की यात्रा तथा भक्तों को मोक्ष प्रदान करने जैसे प्रसंग शामिल रहे। कथा व्यास संजय कृष्ण महराज ने कहा कि कंस के अत्याचारों से त्रस्त पृथ्वी ने भगवान विष्णु से रक्षा की प्रार्थना की। इस मौके पर कथा आयोजित करवाने वालों में विजय सिंह, मिथिलेश, विजय श्रीवास्तव, धन्नजय मिश्र, पुनीत पाण्डेय, सभासद शिव शंकर मिश्र, आशुतोष त्रिपाठी, आनंद विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## देशी बम के साथ धराया आरोपी, वांछित गये जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने देशी बम के साथ आरोपी को गिरफ्त मे लेते हुए अपहरण तथा धोखाधडी के अलग अलग मुकदमों में वांछितों को जेल भेज दिया है। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार यादव बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कोतवाली के उधरनपुर जंगल के समीप पुलिस को संदिग्ध दिखा। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा तब उसे दौडाकर पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी लालगंज थाना के पूरे नन्दन निवासी अख्तर के पुत्र अफसर उर्फ जैद की तलाशी लेने पर उसके पास से चार देशी बम बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे ले लिया। इधर कोतवाली के दरोगा प्रशांत दुबे ने भी फोर्स के साथ चेकिंग के दौरान लालगंज के वर्मा नगर तिराहे के समीप से युवती के अपहरण समेत गंभीर धाराओ के आरोपी को हिरासत मे ले लिया।

# सोशल मीडिया पर अधिवक्ता को गाली देना पड़ा भारी

**एसपी के आदेश पर पिता पुत्र के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा**

**बेलखरनाथ धाम।** सोशल मीडिया पर अधिवक्ता को गाली देना पिता पुत्र को भारी पड़ गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।कंधई थाना क्षेत्र के पूरे पांडे गांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह पेशे से अधिवक्ता है।पांच अप्रैल को अधिवक्ता के खिलाफ सोशल मीडिया, फेसबुक व व्हाट्सएप एक युवक व उसके पिता ने मां बहन को गाली देने तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले की शिकायत अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक से की। एसपी के आदेश पर कंधई पुलिस ने अंतू थाना क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी दिलीप सिंह व उसके पिता प्रीतम सिंह के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसओ कधंई गुलाबचंद सोनकर ने बताया की आरोपी के खिलाफ तीन मुकदमा कधंई में दर्ज है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए पांच को भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**पट्टी।** बैंक से पैसा निकालकर घर जा रहे युवक की डिग्गी से टप्पेबाजों ने 87 हजार पांच सौ रुपए उड़ा दिये। मामले में पट्टी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने पांच आरोपियों को रिमांड में लेते हुए पूछताछ किया तो मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों को दर्ज मुकदमे के आधार पर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

पट्टी थानाक्षेत्र के सरसतपुर सराय गांव निवासी कुंवर सिंह पटेल 25 फरवरी को बैंक में पैसा निकालने गया था। उसने बैंक से 87500 रुपए निकाला और पैसे को बाइक की डिग्गी में रखकर सामान लेने के लिए दुकान पर चला गया। बैंक से पीछा कर रहे टप्पेबाजों ने उसकी डिग्गी में मौजूद पैसा उड़ा दिया। पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में इस बाबत मुकदमा दर्ज करवाया था। दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्तों की जांच पड़ताल की गई तो सारे अभियुक्त सुल्तानपुर जिला जेल में होने की जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस ने पांचो अभियुक्तों को सुल्तानपुर जिला जेल से रिमांड पर लेकर पट्टी थाना आई। जहां उन्होंने आरोपियों से लूट के 12500 निशान देही पर बरामद कर लिया। पकड़े गए राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 महबूब निवासी मुडाडीहा थाना धानेपुर जनपद गोंडा, रामबचन पुत्र स्व0 भगौती निवासी ग्राम बलटू का पुरवा वनगाई थाना धानेपुर जनपद गोंडा, हरिश्चन्द्र पुत्र स्व0 निबरे निवासी बल्दू का पुरवा वनवाई थाना धानेपुर जनपद गोंडा, सोहन लाल पुत्र स्व0 रामरंग निवासी छेदा का पुरवा मूडाडीहा थाना धानेपुर जनपद गोंडा, बजारी पुत्र स्व0 भवानी निवासी सोहना पुरे पवार थाना बजीरगंज जनपद गोंडा को पुलिस रिमाण्ड पर थाने लाया गया। पूछताछ में पांचो आरोपियों ने अपने गुनाह कबूल कर लिए और अभियुक्तों की निशांदेही पर चोरी के 05 बण्डल व कुल 12,500 रुपये बरामद किया गया। पुलिस ने बरामदगी की धारा को बढ़ाते हुए बुधवार की दोपहर 2 बजे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

## अंतरिम सूची का हुआ प्रकाशन, छंटनी को लेकर गहमागहमी का माहौल

**लालगंज।** तहसील में संयुक्त अधिवक्ता संघ के आम चुनाव को लेकर बुधवार को मतदाताओ की अंतरिम सूची का प्रकाशन किया गया। सूची के प्रकाशित होते ही मतदाता सूची से कटे नामों को लेकर गहमागहमी का माहौल बन गया। चुनाव समिति की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में अंतरिम सूची को लेकर मंथन हुआ। बैठक का संचालन महामंत्री विकास मिश्र ने किया। समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अंतरिम सूची के प्रकाशन में पुरानी मतदाता सूची के पांच सौ तिरसठ मतदाताओ मे से पचहत्तर की छंटनी की गयी है। वहीं नए सदस्यता के पंचान्नवे आवेदनों मे चैतीस आवेदन निरस्त किये गये है। नए आवेदनो मे इक्सठ अधिवक्ताओं को संघ की सदस्यता प्रदान की गयी है। इधर सूची के प्रकाशित होते ही सदस्यता से वंचित लोगों ने चुनाव समिति के निर्णय को लेकर भारी असंतोष भी जताया। समिति के महामंत्री विकास मिश्र के मुताबिक सत्रह अप्रैल तक सदस्यता अभियान पर आपत्ति दाखिल की जा सकेगी। उन्नींस अप्रैल को अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, कमलेश तिवारी, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, घनश्याम सरोज, करूणाशंकर मिश्र, इरफान, मौजूद रहे।

# न्यायिक सुधार और न्यायपालिका के उत्तरदायित्व पर प्रस्ताव पारित

**● अभा अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पारित हुआ अहम प्रस्ताव**

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में उपस्थित अतिथिगण

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिनों आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित की गई। उक्त बैठक में पूरे देश से सभी प्रांतीय इकाईयों का प्रतिनिधित्व रहा। अवध प्रांत का प्रतिनिधित्व कर रही अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की प्रांतीय महामंत्रीं मीनाक्षी परिहार सिंह ने बताया कि दस सूत्रीय प्रस्ताव के माध्यम से न्यायधीशों की नियुक्ति एवं कार्यव्यवहार में जवाबदेही व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 13 अप्रैल को हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव को पारित किया गया।प्रस्ताव के महत्व को रेखांकित करते हुए अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. श्रीनिवास मूर्ति ने बताया कि न्यायधीशों की नियुक्ति के लिए नया कानून बनाने की आवश्यकता है, जिससे न्यायमूर्ति की नियुक्ति की प्रक्रिया और उनके न्यायिक आचरण की निगरानी अधिक पारदर्शिता के साथ की जा सके। उन्होंने बताया कि साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि इस प्रक्रिया में न्यायपालिका की प्रमुख भूमिका बनी रहे। मीनाक्षी परिहार सिंह ने बताया कि बैठक में उक्त संदर्भ में अनेक बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए न्यायपालिका व न्यायप्रक्रिया में सुधार के लिए उक्त प्रस्ताव को पारित किया गया है। अभा अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पारित प्रस्ताव की जानकारी पर राष्ट्रीय परिषद की सदस्य किरण बाला सिंह, प्रतापगढ़ ईकाई के महामंत्री शिवेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रवि सिंह,आशीष मौर्या, भरत, सतीश दूबे, रूप नारायण सरोज, अभिषेक शर्मा, राजाराम सरोज, आशीष, जया शर्मा, ममता सरोज,कविता, संध्या मोदनवाल, शिव शंकर, अवनीश, अनुराग मिश्रा, राहुल सिंह, शिव कुमार पुष्पजीवी, संतोष दूबे, जे पी सिंह, अमरीश दूबे, राकेश चैरसिया, अजय ओझा, मनोज, आरजू आदि ने उक्त प्रस्ताव को वर्तमान समय मे महत्वपूर्ण प्रस्ताव बताते हुए हर्ष व्यक्त करते हुए सराहना किया।

# युवक की हत्या कर फंदे पर टांग कर डाल दिया तेजाब

## कहीं पत्नी और उसके यार ने साथियों के साथ मिल कर तो नही की थी हत्या

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के चक थाम्भा गांव में घर के भीतर एक युवक की हत्या कर उसकी लाश टांग देने के बाद उस पर तेजाब डाल दिया गया है जिससे लाश में बड़े बड़े फफोले पड़ गए हैं घटना कई दिन पुरानी है बुधवार को दुर्गंध उठने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को नीचे उतारा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चाक थामा गांव निवासी सूरज उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र हरिप्रसाद पासी घर में अकेला रहता था उसके पिता की मौत हो चुकी है और उसकी माता परिवार के साथ रोजी-रोटी के चक्कर में शहर में रहती हैं उसके चाचा दादा और अन्य परिवार के लोग गांव के बाहर घर बनवा कर रहते हैं घर में तीन कमरों के अंदर फांसी पर बुधवार को उसकी लाश मिली है जिसके दोनों पैर जमीन पर टिके थे एक पैर तो घुटने से पूरी तरह से मुड़ा हुआ था तेजाब डाल देने से शरीर में बड़े-बड़े फफोले पड़ गए थे मौके की स्थिति आत्महत्या की घटना से इनकार कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सूरज की ससुराल मोहिदीन पुर में है और लगभग 3 साल पहले उसकी शादी हुई थी ससुराल वालों से झगड़ा चल रहा था पत्नी से बिल्कुल बात नहीं बनती थी दोनों के बीच रोज-रोज झगड़े के बाद पत्नी मायके में रहती थी दांपत्य जीवन में विवाद के बाद मामला पुलिस की चौखट तक भी पहुंचा था समझौता के नाम पर दहेज में दिया गया सारा सामान बाइक ससुराल वालो ने ले लिया है उसके बाद भी कोर्ट में मामला भी चल रहा है दोनों के बीच समझौते के बाद पत्नी मायके में ही रहती थी वह ससुराल जाता था तो इसको ससुराल वाले मारते भी थे बुधवार को घर के अंदर सूरज की लाश मिलने के पहले भी वह ससुराल गया था फिर इसको मारे कूटे थे लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई वहीं से वापस आने के बाद वह दिखाई नहीं पड़ रहा था बुधवार को सूरज के घर से लाश से काफी बदबू आ रही है दुर्गन्ध के बाद मौके पर जब लोग पहुंचे तो मामले का खुलासा हुआ सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत के बाद तमाम अनसुलझे सवाल खड़े हैं ग्रामीणों की माने तो अपने यार के साथ मिलकर पत्नी ने सूरज की हत्या करके लाश को टांग दिया है और उसमें तेजाब डाल दिया है हालांकि मौत के पीछे की सच्चाई क्या है यह तो पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा होगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का 10 मई को होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** अपर जनपद न्यायाधीश नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, ने बताया है कि दिनांक 10.05.2025 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश मे श्रीमान जिला जज अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया गया है जिसमे मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओ, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, एनआई एक्ट, विधुत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्राकर से सम्बन्धित शमनीय वादो का निस्तारण किया जायेगा।

## न्यूज झरोखा

### घर घर जाकर आठ साल बेमिसाल के बाटे पत्रक



**कौशाम्बी।** यूपी में योगी सरकार के आठ साल पूरे होने पर भाजपा उत्सव के रूप में मना रही है और लोगों को सरकार के 8 साल के कार्यों के बारे में परिचित करा रही है गांव चलो अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रसूलपुर गिरसा शक्ति केन्द्र सेक्टर प्रभारी भाजपा अंकुर त्रिपाठी के नेतृत्व में बलदाऊ शुक्ला, पार्षद राकेश सरोज व पूर्व प्रधान कादीपुर मिश्री लाल मोती साहू के साथ बिसारा गांव में घर घर जाकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के आठ साल बेमिसाल के पत्रक लोगों को दिए गए और सरकार की उपलब्धियां को गिनाया गया सेक्टर प्रभारी और उनके साथियों ने गांव में घूम-घूम कर आम जनता के बीच भाजपा के 8 साल बेमिसाल के पत्रक को बाँटते हुए सरकार की उपलब्धियों को बताया

### शराबी बाइक से टकराया दोनों घायल



**कौशांबी** मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के उद्दीन बाजार से शराब पीकर लड़खड़ाते हुए शराबी भोले पुत्र राजपति निवासी जगन्नाथपुर पैदल जा रहा था शराब का नशा अधिक होने के चलते वह बाइक से टकरा गया है जिससे बाइक सवार और शराबी दोनों सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं आस पास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और डायल 108 एंबुलेंस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिक घायल शराबी को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया है बाइक सवार को मामूली चोट थी वह अपने घर चला गया और वही इलाज करवा रहा है।

### ससुराल जा रहा युवक सड़क हादसे में घायल



**कौशांबी** कड़ा धाम कोतवाली के काने मई गांव निवासी जयेश कुमार पुत्र शिवनाथ बाइक से अपनी ससुराल फतेहपुर जनपद के चिराई गांव जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार टांडा रोड अझुवा कस्बे के पास पहुंचे सड़क हादसे के शिकार हो गए हैं जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

### डीएफओ कार्यालय के बाबू ने ऑनलाइन ली रिश्वत

**कौशाम्बी।** योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय खरा नहीं उतर रहा है हरे पेड़ के कटान से लेकर अन्य कार्यों में खुलेआम वसूली हो रही है डीएफओ कार्यालय में रिश्वतखोरी का एक नया मामला सामने आया है लाइसेंस रिन्यूवल के लिए बिभाग के बाबू द्वारा 15 हजार की ऑनलाइन रिश्वत लेने के बाद तहलका मच गया डीएफओ कार्यालय में कार्यरत बाबू राजेंद्र कुमार सिंह का नाम रिश्वत में सामने आया है आरा मशीन संचालकों से यह बाबू वसूली करता था मनमाफिक काम नहीं होने पर मशीन संचालक ने हंगामा शुरू कर दिया आरोपी ने महिलाओं के सामने गाली-गलौज कर रिश्वत के इस मामले को दबाने का प्रयास किया लेकिन मामला दब नहीं सका फिर मामला तूल पकड़ने पर बाबू ने रिश्वत की रकम वापस कर दी है रिश्वत के इस मामले में अब क्या कार्रवाई होती है इसका इंतजार जनता कर रही है

### मानव तस्करी मामले में पुलिस की कार्रवाई

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में 5 लाख रुपए में नाबालिग बेटी को बेचने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी मां रंन्नो देवी, पिता बृजेश रैदास और खरीददार कर्मवीर यादव समेत बिचौलिया कमलेश पासी को गिरफ्तार कर लिया है मां- पिता पर अपनी ही नाबालिग बेटी को 5 लाख में बेचने का आरोप था। माता पिता नें 5 लाख की लालच में ज्यादा उम्र के कर्मवीर यादव से बेटी की शादी करा दी थी बेटी के खरीददार कर्मवीर यादव नें नाबालिग को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था पुलिस नें सभी आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपियो को जेल भेज दिया है।

### ईट भट्ठा गया मजदूर नहीं लौटा वापस घर

**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बालिहावा देह निवासी प्रदीप कुमार पुत्र मुखराज क्षेत्र के इमामगंज स्थित मोअज्जम के ईट भट्टे में मजदूरी करते हैं 13 अप्रैल को वह घर से टिफिन लेकर ईट भट्ठे में मजदूरी करने गए थे लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद वह घर नहीं लौटे हैं घर न लौटने से परिवार के लोग परेशान हैं और 3 दिन से लगातार उनकी खोजबीन कर रहे हैं लेकिन कहीं सुराग न लगने से परेशान उनकी पत्नी चंद्रकली ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है।

### जिला मजिस्ट्रेट ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत 02 लोगों को किया जिला बदर

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट मधुसूदन हुल्गी ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम-1970 के अन्तर्गत कुल 02 लोगों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। जिला बदर होने वालों में-संगम लाल पुत्र झुरई निवासी ग्राम-बेरूवा, थाना-चरवा जनपद कौशाम्बी को 02 माह के लिए एवं नबी अहमद पुत्र-सगीर अहमद निवासी मोहल्ला नया नगर कस्बा व थाना-मझंनपुर जनपद कौशाम्बी को 02 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

# भाजपा का विरोध करते करते सनातन धर्म व देवी देवताओं व वीर योद्धाओं का विरोध करने लगे सपा सुप्रीमो व सपा नेता : विपुल त्रिपाठी

**पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा सपा महासचिव व विधायक इंद्रजीत सरोज का भारत के मंदिरों की शक्ति पर दिया बयान निंदनीय**



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय सवर्ण समाज पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय सह प्रभारी तथा केसरिया जागृति मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विपुल त्रिपाठी ने कहा कि हाल ही में सपा महासचिव तथा मंझनपुर विधायक इंद्रजीत सरोज द्वारा कौशाम्बी में एक समारोह के दौरान दिया गया यह बयानझ्भारत के मंदिरों में शक्ति होती तो आक्रांता व लुटेरे न आते मंदिर की शक्ति पर संदेह जैसा बयान एक सुलझे हुए नेता के लिए अच्छा नहीं और हाल ही में आगरा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा वीर योद्धा राणा सांगा पर दिया बयान बेहद अशोभनीय और विवादित बयान है विपुल त्रिपाठी ने यह भी कहा कि कभी सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को गौशाला से बदबू आना और गौशाला की जगह इत्र के पार्क बनाने की बात कभी स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस की प्रतिया फाड़ने का समर्थन कभी रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा के लिए अशोभनीय बयान का समर्थन तो अब सपा महासचिव के इस मंदिर के बयान पर खामोशी यह साफ जाहिर कर रही हैं कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व इस पार्टी के नेता भाजपा का विरोध करते करते अब सनातन व मंदिर तथा वीर योद्धाओं पर अशोभनीय टिप्पणीयां यह दशार्ती हैं कि सपा पूर्णतः सनातन विरोधी हैं और ऐसे बयानों से सपा नेताओं को बचना चाहिए और अपनी सोच में परिवर्तन करना चाहिए वरना इसका खामियाजा आगामी विधान सभा चुनाव 2027 में सपा को नुकसानदेह हो सकता है।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल जनपद कौशांबी के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 अप्रैल को मंझनपुर नगर में श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया नगर भ्रमण के दौरान जय श्री राम के नारों से नगर गूंजता रहा उत्साहित सैकड़ो महिला पुरुष हिंदुओं ने यात्रा को नगर भ्रमण कराया इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस फोर्स यात्रा के दौरान साथ में मौजूद रही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री नितिन जी रहे तथा विशिष्ट प्रांतीय सदस्य अजय पांडे रहे मुख्य अतिथि ने भगवान श्री राम के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित हिंदू जनमानस से श्री राम के जीवन आदर्शो पर चलने के लिए कहा इसके अलावा पश्चिम बंगाल में एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए भारत सरकार से मांग किया कि पश्चिम बंगाल के पीड़ित तथा पलायन किए हुए हिंदुओं की उनके घरों में पुनः वापसी कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए विशिष्ट अतिथि ने हिंदू समाज के संगठित रहने तथा विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संगठन के बिस्तार पर चर्चा की इसके बाद यात्रा जिला पंचायत परिसर से गाजे बाजे और रथ घोड़े के साथ निकालकर नगर भ्रमण करते हुए वापस जिला पंचायत परिसर में आकर समाप्त हुई नगर वासियों ने यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया नगर अध्यक्ष शिवेंद्र केसरवानी ने अपने घर पर यात्रा को रोक कर स्वागत एवं जलपान कराया कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नीलमणि ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक विवेक जिला उपाध्यक्ष राम अभिलाष जिला सह मंत्री राजेंद्र पाल दुर्गा वाहिनी की जिला सययोजिका सोनिया राजपूत जिला कोषाध्यक्ष डॉ नरेंद्र साहू राधा देवी भूपेंद्र शर्मा अनिल श्रीवास्तव, कुंवर शत्रुघन, रिंकू केसरवानी, उमेश केसरवानी, समर बहादुर, प्रिया देवी, दीपक वर्मा, फूल सिंह,नीरज मोदनवाल प्रमेश गुप्ता, विकास केसरवानी, प्रखण्ड अध्यक्ष सरसंवा धीरेन्द्र सिंह, बजरंग दल संयोजक सरसवा चेतन ब्लॉक प्रमुख मंझनपुर हुबलाल दिवाकर वीरेंद्र वाल्मीकि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रिंकू मौर्या, युवा मोर्चा महामंत्री नीरज मोदनवाल बजरंग दल जिला संयोजक विवेक जायसवाल, गोपी मोदनवाल, अनुराग मोदनवाल सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी ने भी सहभागिता निभाई है।

# अपने शीर्ष नेताओं का अपमान नहीं सहेगी कांग्रेस पार्टी : गौरव पांडे

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक इमरजेंसी मीटिंग बुधवार को कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर में जिला अध्यक्ष गौरव पांडे के नेतृत्व में बुलाई गई जिसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल अवार्ड मामले में फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज करने का विरोध किया गया । मीटिंग के पश्चात भारी संख्या में एकत्रित होकर के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे के नेतृत्व में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता भाजपा विरोधी नारा लगाते हुए जिला अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर जिला अधिकारी का घेराव किया तथा चेतावनी दी कि अगर ईडी द्वारा फर्जी तरीके से हमारे नेताओं को फसाने का प्रयास करेगी तो कांग्रेस पार्टी इसका जवाब सदन से लेकर के सड़क तक उतर कर देगी मीटिंग को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि सत्ताधारी भाजपा सरकार लगातार विपक्षी नेताओं को फर्जी मुकदमा में फंसाने का प्रयास करती है जिस तरह से नेशनल हेराल्ड मामले में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी और हमारे नेता राहुल गांधी जी को फंसाया जा रहा है तथा चार्ज सीट लगा करके मुकदमा पंजीकृत किया गया है बहुत ही निंदनीय है और बीजेपी जिस तरह से गंदी राजनीति करने का काम कर रही है यह बहुत ही निंदनीय है और इसका जवाब कांग्रेस जन सड़क से लेकर सदन तक देंगे बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर पार्टी ने कहा कि बीजेपी बदले की राजनीति करती है और मुकदमा के माध्यम से विपक्षी नेताओं को फसाने का कार्य करती है बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस नेताओं सहित सभी विपक्षी नेताओं को फसाने का काम किया जा रहा है जनता सब कुछ देख रही है इसका जवाब आने वाले चुनाव में अवश्य देगा धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता उपाध्यक्ष मनोज पटेल ने चेतावनी दी कि बीजेपी गंदी राजनीति करना बंद कर दे अगर इसी तरह गंदी राजनीति करते रहे तो इसका भुगतान उसे करना पड़ेगा बैठक को संबोधित करते हुए अल्प संख्यके प्रकोष्ठ के नेता डॉ मुमताज सिद्दीकी ने कहा कि जिस तरह से ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग बीजेपी कर रही है यह बहुत ही चिंतनीय है बीजेपी संस्थाओं को खरीद कर डरा कर धमका कर विपक्षियों को परेशान करने का काम कर रहे हैं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नैयर रिजवी ने कहा की हिंदू मुस्लिम के नाम पर बीजेपी भाई-भाई को लड़ाने का काम कर रही है तथा समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं जिला महासचिव राम सूरत रैदास ने कहा की बीजेपी इस तरह की राजनीति करना बंद करें और जो जनता के मुद्दे हैं वह बेरोजगारी का मुद्दा हो महंगाई का मुद्दा हो या भ्रष्टाचार का मुद्दा हो उसे पर काम करने का काम करें धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय छात्र संगठन उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है युवा दर दर भटक रहा है आम आदमी महंगाई से त्रस्त है तथा भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन बीजेपी सरकार इन सब मुद्दों पर बात न कर-के केवल हिंदू मुस्लिम और भाई भाई को लड़ाने का काम कर रहे है बैठक के बाद जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन धरना में मुख्य रूप से पूर्व सचिव रामबदुर त्रिपाठी,जिला महासचिव कौशलेश द्विवेदी उदय यादव युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अलकमा सिद्दीकी ,रजिया ,नैयर रिजीवी,बेगम एनएसयूआई अध्यक्ष सैफ मंसूरी, रामसूरत रैदास, अमृत लाल, छोटे लाल, बिफाई, मोहम्मत मुसलिम ब्लॉक अध्यक्ष मंझनपुर, हेमंत कुमार रावत, बाबू लाल, रमेश रामकिशन, सुधीर कुमार, अर्श खुरशीद, श्याम सिंह भदौरिया,गोरकी देवी, उष्मान अली ,मंजीत कुमार, पुष्पराज सिंह, आसिफ अल्वी, मोहम्मद आजाद, सलमान अहमद, शिवभूषण गोस्वामी, विवेक मिश्रा माइकल, फूलचंदर, अनिल कुमार, राम प्रकाश पंडा, रमेश चंदर, विमलेश तिवारी, बैजनाथ, अविनाश पाल, शादा शिव पांडेय, अनिल शेन, गोकुल प्रकाश कुशवाहा, रामबाबू ,बैज नाथ सरोज, फैजान, सलमान, सहित लगभग सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधवा की नाबालिग बेटी को लेकर भागा प्रधान के घर रहने वाला युवक

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के एक गांव से विधवा की नाबालिग बेटी को चार दिन पहले एक युवक भगा ले गया है बताया जाता है कि गणेशपुर का रहने वाला यह युवक ग्राम प्रधान के घर रहता था जहां से धीरे-धीरे उसने विधवा की नाबालिग बेटी पर प्रेम मोहब्बत के डोरे डालें और उसको समझा बुझाकर प्रेम मोहब्बत के सपने दिखाकर चार दिन पहले अपने साथ भगा ले गया है बालिका की विधवा माँ ने मामले की सूचना महेवाघाट थाना पुलिस को दी है आरोप है के थाने के दीवान और ग्राम प्रधान के पति के गहरे संबंध है जिसके चलते महेवाघाट थाना पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर नाबालिग बालिका को बरामद करने का प्रयास नहीं कर रही है हालांकि यह प्रधान पति योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल की गांव में उपलब्धियां गिना रहे है और उनकी सरकार के पत्रक बांट रहे हैं।

# केपीएस भरवारी में हुआ इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता : ग्रीन हाउस ने मारी बाजी

**भरवारी कौशाम्बी।** केपीएस भरवारी में बुधवार को इंटरहाउस क्विज कंपीटिशन का आयोजन अत्यंत उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ किया गया। यह ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता मुख्य रूप से करेंट अफेयर्स साइंस टेक्नोलॉजी और स्पोर्ट्स जैसे विषयों पर आधारित थी। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी टीम भावना, आत्मविश्वास और तीव्र सोच का बेहतरीन प्रदर्शन किया।इस इंटरहाउस क्विज का उद्देश्य विद्यार्थियों में समसामयिक ज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना, उनके सोचने-समझने की क्षमता को प्रोत्साहित करना और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा देना था। आयोजन की शुरूआत विद्यालय के प्रांगण में पारंपरिक विधि से की गई, जहाँ सभी प्रतिभागी अपने-अपने हाउस की पहचान के साथ उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में सभी हाउस ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन ग्रीन हाउस ने सबसे बेहतरीन तालमेल और उत्तरों की सटीकता के साथ विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।ग्रीन हाउस की विजेता टीम में क्लास 11इँ साइंस से पूजा कुमारी और कृति केसरवानी क्लास 12इँ साइंस उत्कर्ष केसरवानी, मानसी गुप्ता, सौरभ मौर्य और प्रत्यूष सोनी थे इन विद्यार्थियों ने न केवल प्रश्नों के सही उत्तर दिए, बल्कि हर राउंड में अपनी सूझबूझ और सामूहिक निर्णय क्षमता का भी बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में रैपिड फायर राउंड, पिक द राइट ऑप्शन, और ऑडियो-विजुअल राउंड जैसे भाग भी सम्मिलित थे, जिससे प्रतियोगिता और अधिक रोचक बन गई।जूरी मेंबर के रूप में दीपक खरवार, शशांक श्रीवास्तव, रमेश




श्रीवास्तव और सौरभ सिंह मौजूद रहे इन सभी निर्णायकों ने निष्पक्ष और विवेकपूर्ण ढंग से प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया और विद्यार्थियों के उत्तरों को बड़ी गहराई से परखा। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने प्रेरणादायी संदेश में कहा कि हमारे विद्यार्थी जब ऐसे मंचों पर अपने ज्ञान और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि वे आने वाले समय के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मैं ग्रीन हाउस की विजेता टीम को हार्दिक बधाई देती हूँ और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को उनके प्रयास के लिए सराहती हूँ।विद्यालय के डायरेक्टर, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया और प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। सम्पूर्ण आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और प्रेरणा का अनमोल स्रोत बना, जो उन्हें आगे भी अपने अकादमिक और सह-पाठ्यक्रम जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

## कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 30 जून 2025 तक धारा-163 निषेधाज्ञा लागू

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी में, शान्ति-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है। वक्फ संशोधन बिल 2025 लागू हो जाने के बाद मुस्लिम समाज एवं अन्य विपक्षी राजनैतिक पार्टियों द्वारा विरोध स्वरूप धरना-प्रदर्शन आगामी त्योहारों के दृष्टिगत तथा विभिन्न आसन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के चलते यह आशंका है कि ऐसे अवसरों पर कतिपय साम्प्रदायिक, असामाजिक, गिरोह-बन्द एवं शरारती तत्व किसी भी स्थान परीक्षा स्थल पर किसी भी समय छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकते है, जिसके चलते लोक परिशान्ति एवं लोक व्यवस्था सहित विधि व्यवस्था एवं जन सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। जनपद कौशाम्बी के सर्म्पूण सीमा क्षेत्र मे एवं जनपद कौशाम्बी मे निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा मे प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर दिनांक 11.04.2025 से 30.06.2025 तक सम्पूर्ण जनपद मे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुयें अपर जिला अधिकारी ने आदेश जारी किया है विशेष परिस्थितियों उक्त अवधि में इन आदेशो को संशोधित, परिवर्तित अथवा समाप्त किया जा सकता है। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# 15-20 वर्षों से एक विद्यालय में जमे शिक्षकों का इस बार भी स्थानांतरण होने की टूटी उम्मीद

**कौशांबी के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के स्थानांतरण में नियम कानून को दरकिनार कर विभाग वसूल रहा मोटी रकम**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** परिषदीय विद्यालयों में 15 वर्षों 20 वर्षों से एक विद्यालय में जमे मठाधीश शिक्षकों के स्थानांतरण में सरकार के नियम कायदे ठेंगे पर चले गए हैं और बीते 15--20 वर्षों से एक विद्यालय में तैनात दर्जनो महिला पुरुष शिक्षक मठाधीश हो गए हैं और पठन-पाठन का कार्य छोड़कर मौज मस्ती कर रहे हैं जिले के लगभग दो दर्जन से अधिक विद्यालयों में शिक्षक लंबे समय से तैनात हैं जहां स्थानांतरण नीति पूरी तरह से चुंबक की तरह चिपक चुकी है जिससे परिषदीय विद्यालयों की पूरी शिक्षा व्यवस्था चौपट होती दिखाई पड़ रह है मठाधीश शिक्षकों का स्थानांतरण न किए जाने के नाम पर विभाग में मोटी रकम की वसूली बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभागीय अफसरो के नाम पर खुले आम हो रही है बीते 15--20 वर्षों से एक स्कूल में जमे शिक्षकों का स्थानांतरण न किए जाने से शिक्षा विभाग के अफसरो पर बड़ा सवाल खड़ा होना लाजमी है शिक्षा विभाग के अफसरो के इस कारनामे की यदि शासन प्रशासन ने जांच कराई तो शिक्षा विभाग के अफसरो के बदनुमा चेहरे उजागर होंगे। शिक्षकों के तबादले की अंतिम तारीख शासन ने बढ़ा दी है अब यूपी के शिक्षक 20 अप्रैल तक तबादले के लिए आवेदन कर सकेंगे उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादले के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। अब 20 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन शिक्षक कर सकेंगे। पहले अंतिम तिथि 11 अप्रैल थी लेकिन लंबे समय से जमे शिक्षक अपना स्थानांतरण नहीं कराना चाहते हैं जिससे उन्होंने आवेदन नहीं किया है और विभाग के अफसर भी सूची बनाकर लंबे समय से चुंबक की तरह जमे शिक्षकों का स्थानांतरण करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं जिससे उनकी संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता ऑनलाइन आवेदन के बाद शिक्षकों को अपनी हार्डकॉपी संबंधित बीएसए कार्यालय में 21 अप्रैल तक जमा करनी होगी। जिन शिक्षकों ने पहले ही रजिस्ट्रेशन करा लिया है, वे अपनी आपत्तियां 15 अप्रैल तक बीएसए कार्यालय में जमा कर सकते थे। सभी आपत्तियों का निस्तारण 17 अप्रैल तक कर दिया जाएगा। लेकिन स्थानांतरण का समय बढ़ाए जाने के बाद भी कौशांबी में स्थानांतरण नीति का पूरी तरह से पालन होता नहीं दिख रहा है मनमानी तरीके से शिक्षकों की जिले में तैनाती दी जाती है और तमाम शिक्षक चुंबक की तरह एक विद्यालय में बीते 15--20 वर्षों से तैनात रह गए हैं जिससे विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े हैं क्या इस वर्ष भी स्थानांतरण में मठाधीश शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं हो पाएगा यह तमाम सवाल शिक्षा विभाग के अफसरो के निष्पक्ष व्यवस्था पर खड़े हैं।

## सम्पादकीय

### क्या हम बहुसंख्यक तानाशाही के दौर में प्रवेश कर चुके हैं ?

**महज** तीन साल पुरानी बात है जब बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय प्रमुख ने अपने अधीन समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र में छात्रों को गाय के गोबर के उपले बनाने का प्रशिक्षण देने के लिये कार्यशाला आयोजित की और खुद ही उसका वीडियो वायरल किया। इससे घटना से कुछ ही दिनों पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के सर्वाधिक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक हंसराज कॉलेज में महर्षि दयानन्द सरस्वती के नाम पर गौ संवर्धन एवं अनुसंधान केंद्र खोलने की खबर आई थी और इससे भी कुछ बरस पहले मध्यप्रदेश में एक संघनिष्ठ कुलपति ने शहर के बाहर बनने वाले विश्वविद्यालय के नये परिसर में गौशाला स्थापित करने का निर्णय कर लिया था। उन्होंने महापरिषद और प्रबंध समिति की मंजूरी के बिना गौशाला के संचालन के लिए अखबारों में निविदा विज्ञप्ति तक जारी कर दी थी, ये बात और है कि उस फैसले पर अमल नहीं किया जा सका।

ये बातें याद इसलिये आईं कि सोशल मीडिया पर फिर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक महिला किसी कक्षा की दीवार पर गोबर लीप रही है। बताया गया कि ये मोहतरमा दिल्ली के लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्राचार्य प्रत्यूष वत्सला हैं। वे संस्थान परिसर में गाय पालती हैं और अभी हनुमान जयंती पर कॉलेज में सुंदरकांड का पाठ भी उन्होंने करवाया। इतना ही नहीं, नवरात्र के दौरान वे कॉलेज में दुर्गा स्थापना भी करवाती हैं। किसी उच्च शिक्षा संस्थान में धार्मिक कर्मकांड का यह अकेला मामला नहीं है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय में, नये विभागाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण करने से पहले पूजा-पाठ करवाया। दूसरी तरफ तमिलनाडु के राज्यपाल ने संविधान और अपने पद की गरिमा के खिलाफ जाकर मदुरै के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों से जय श्रीराम का नारा लगवा दिया।

इन घटनाओं के बरक्स मेरठ,भागलपुर और शिमला में जो हुआ, उसे देखा जाना चाहिये। मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में उर्दू विभाग द्वारा पिछले दिनों ईद मिलन समारोह आयोजित किया जाना था। इसका पता चलते ही एक छात्र नेता ने धमकी दी कि शिक्षा के मंदिर में किसी तरह के भी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाना चाहिये और अगर विश्वविद्यालय परिसर में ईद मिलन का कार्यक्रम आयोजित होता है तो फिर वह खुद विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर हनुमान चालीसा का पाठ करेगा। इस धमकी का नतीजा यह हुआ कि ईद मिलन का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। भागलपुर के टीएनबी कॉलेज में शिक्षक संघ ने ईद मिलन समारोह का आयोजन किया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आपत्ति जताई और कहा कि नवदुर्गा के समय कॉलेज प्रशासन ने गरबा के लिये जगह नहीं दी थी, इसलिये कॉलेज में ईद मिलन भी नहीं होना चाहिये।

# बेहाल वृद्धों के लिये आयोग बनना एक सराहनीय कदम

- ललित गर्ग -

**केरल** भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग स्थापित करने के लिए एक कानून पारित किया है। यह एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य पहल होने के बावजूद एक बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर भारत के बुजुर्ग इतने उपेक्षित एवं प्रताड़ित क्यों है? केरल जैसे शिक्षित राज्य में ही इस आयोग को बनाने की जरूरत क्यों सामने आयी? केरल में क्यों सामाजिक सुरक्षा, स्नेह, सुरक्षा की वह छांव लुप्त होती जा रही है, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। क्यों केरल में ही बुजुर्ग सर्वाधिक अकेलेपन एवं एकाकीपन का संत्रास झेलने को विवश हो रहे है? केरल में कई बुजुर्ग लोगों को युवा पीढ़ी के हाथों गरीबी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रांत में कई गांव ऐसे हैं जहां केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, प्रश्न है कि ऐसा क्यों हो रहा है? यूं तो समूचे देश में बुजुर्गों की लगभग यही स्थिति बन रही है, जो सामाजिक व्यवस्था पर एक बदनुमा दाग है।

केरल योजना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी राज्य पूरे भारत की तुलना में अधिक तेजी से वृद्ध हो रहा है। 1961 में, केरल में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत 5.6 प्रतिशत से थोड़ा कम थी। हालांकि, 1980 के दशक तक, राज्य ने बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया। 2001 तक यह हिस्सा बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 7.5 प्रतिशत था। 2011 में यह 12.6 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.6 प्रतिशत था। केरल के योजना बोर्ड के अनुसार, 2015 में यह बढ़कर 13.1 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.3 प्रतिशत था। अब, दक्षिणी राज्य में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 4.8 मिलियन लोग हैं। इसके अलावा, बुजुर्ग समूह का 15 प्रतिशत 80 वर्ष से अधिक आयु का है, जो इसे बुजुर्ग लोगों के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाला आयु समूह बनाता है। 60 से अधिक आयु वर्ग में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है और उनमें से अधिकांश विधवाएं हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को पारित इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह नया आयोग बुजुर्गों के अधिकारों, कल्याण और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

देश में बुजुर्गों की हालत दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। केरल देश के सबसे शिक्षित राज्यों में शुमार होता है तो बुजुर्गों के प्रति बरती जा रही उपेक्षा, उदासीनता एवं प्रताड़ना में भी सबसे आगे है। लगभग 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ में इसी प्रांत के सर्वाधिक युवा है। भले ही इस प्रांत ने सर्वाधिक शिक्षा से प्रगतिशील सोच दी है, लेकिन अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है, जिससे ही बुजुर्गों की उपेक्षा या उनको उनके हाल पर छोड़ देने की विकृत मानसिकता एवं त्रासदी उभरी है। वृद्धों की उपेक्षा देशभर में देखने को मिल रही है, हाल के वर्षों में केरल के बाद पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा? एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। कुछ वृद्धों के पास तो धन का अभाव भी इस समस्या को विकराल रूप दे रहा है। राज्य में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही बुजुर्गों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।



भारत में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं उदासीनता एक बढ़ती चिंता का विषय है, उनका एकाकीपन एवं अकेलापन उससे बड़ी समस्या है। केरल के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। लेकिन यह वक्त बताएगा कि भ्रष्ट अफसरशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कितना कारगर होगा? लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो समस्या के समाधान की दिशा में रोशनी बनेगा। जरूरत है सरकारी अधिकारी संवेदनशीलता एवं इंसानियत से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करने के लिये आगे आये। केरल की सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु के अनुसार आयोग समृद्ध और निम्न आय वाले दोनों ही परिवारों के वृद्ध व्यक्तियों के शोषण की समस्या का महत्वपूर्ण समाधान करेगा। जो वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनकी गरिमा, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों को अक्सर स्वास्थ्य में गिरावट, अकेलेपन और वित्तीय असुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक सहायता प्रदान करने से अधिक समावेशी और दयालु समाज बनाने में मदद मिलती है।

निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता एवं मनोबल इसमें सहायक बनेगा। नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में देश युवा भारत से बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं? क्या केरल की तरह अन्य राज्यों की सरकारें एवं केन्द्र सरकार लगातार बुजुर्गों से जुड़ी समस्याओं के लिये ठोस कदम उठायेगी? वसुधैव कुटुम्बकम्- की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी गतदिनों हाईकोर्ट के अनेक फैसलों को पलटते हुए सराहनीय पहल की है। जिनमें अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच पर विराम लगेगा, क्योंकि यह आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है।

संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला में कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं वृद्ध महिला एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि इस तरह परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। ऐसे शर्म को धोने के लिये ही केरल सरकार का वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग बनाना एवं सुप्रीम कोर्ट का संवेदनशील होना एक उजाला बना है, जिससे जीवन की संध्या को कष्टपूर्ण होने से निजात मिलने की उम्मीदें जगी है।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर संगठित गिरोह के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

## 8 मोटरसाइकिल बरामद व, एक अदद मोटरसाइकिल का चेचिस बरामद किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । पुलिस** अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में बुधवार को शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में व चमन सिंह चावड़ा क्षेत्राधिकार ज्ञानपुर के नेतृत्व में थाना गोपीगंज प्रभारी निरीक्षक डॉक्टर आशुतोष त्रिपाठी व, एस,ओजी, की संयुक्त, पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना गोपीगंज औराई पर मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में पंजीकृत अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए शादी विवाह वह अन्य आयोजनों से मोटरसाइकिल चोरी व चोरी की मोटरसाइकिल बिक्री व खरीदारी करने वाले गिरोह के कुल तीन अभियुक्त को ज्ञानपुर रेलवे स्टेशन ज्ञानपुर रोड के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई ।



गिरफ्तार सुधा गृह में शामिल गैराज मालिक मोहम्मद ताजिम के पड़ाव रोड स्थित गैराज से थाना गोपीगंज, उँझ व औराई सहित अन्य स्थानों से चोरी की 8, मोटर साइकिल बरामद व एक अदद मोटरसाइकिल का चेचिस बरामद किया गया। गिरफ्तारी के दौरान गिरफ्तार शुदा अभीयुक्त की गिरोह में शामिल तीन अन्य सह अभियुक्त मौके से फरार हो गए हैं जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा है । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम लोगों का वाहन चोरी का संगठित गिरोह ,है जो अपने आर्थिक भौतिक व लाभ के लिए करते है अर्जुन उपरोक्त द्वारा गाड़ियों को चुराने का काम किया जाता है शादी विवाह के फंक्शन से या अन्य आयोजन की जगह से या मोटरसाइकिल चोरी करते हैं तथा मोहम्मद ताजी क्योंकि गहरा चलाता है इसलिए उन चोरी की मोटरसाइकिलों को अर्जुन इसके पास रखवा देता है मोहम्मद ताजिम इन मोटरसाइकिलों को बेचने के लिए ग्राहक भी ढूंढने का काम करता हैतथा बाइकों की कटिंग करके बेचने का भी काम करता है इन वाहनों को खरीदने के लिए रामबाबू उर्फ भानु सन ऑफ जगनारायण निवासी कुलमी पुरा थाना औराई जनपद भदोही आए हुए मौके से भागने वालों के बारे में पूछने पर अर्जुन ने बताया कि इनमें गोलू निवासी धानापुर उत्तरी थाना गोपीगंज का ही है जो हमारे साथ मोटरसाइकिल चोरी का काम करता है अर्जुन ने अन्य दो भागने वालों के बारे में बता रहा है कि एक तो सुहेल पुत्र मोहम्मद सफीक ,निवासी पुरे भगवतपुर थाना गोपीगंज भदोही का है तथा अन्य दूसरा सचिन मारकुंडी चौकी गुरमा थाना चोपन का है यह सभी हमारे साथ हैं जो जगह-जगह से मोटरसाइकिल चोरी कर लाते हैं तथा मोहम्मद ताजिम यहां के यहां दे देते हैं जो बेचने काटने के बाद अपना हिस्सा काटकर हम लोगों का पैसा दे देता है मोहम्मद ताजिम के साथ मिलकर हम लोग गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट भी बदल देते हैं तथा चेचिस नंबर को भी खुराज देते हैं जिससे गाड़ी का पता ना चल पाए कड़ाई से पूछने पर अर्जुन उपरोक्त ने बताया कि इसमें एक मोटरसाइकिल थाना गोपीगंज अंतर्गत भगवानपुर चौथार, से करीब 8 ,9 माह पूर्व चोरी किया गया है व अन्य मोटरसाइकिल अन्य स्थानों से चोरी किया गया है चोरी की मोटरसाइकिल को बेचकर तथा मोटरसाइकिल काटकर उसके पाट्र्स को बेचकर जो पैसा मिलता है उसे आपस में बांट लेते हैं

थाना गोपीगंज प्रभारी निरीक्षक डॉक्टर आशुतोष तिवारी, उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव उप निरीक्षक संत देव सिंह उप निरीक्षक दिनेश कुमार हिट कांस्टेबल गुफरान अहमद निरीक्षक श्याम बहादुर यादव प्रभारी सोग सर्विलांस सेल ज्ञानपुर चोरों का पदार्फाश करने व जेल भेजने में सराहनीय कार्य जनपद भदोही टीम का रहा ।

# समय से पहले आई खूबसूरती से क्यों भयभीत हैं पहाड़ के लोग

- संजीव शर्मा

**अगर** पहाड़ों का सौंदर्य,तापमान, वर्षीय,बर्फ,बुरांश और प्राकृतिक चक्र बनाए रखना है तो प्रकृति का संरक्षण करना होगा, अंधाधुंध फैलते कांक्रीट के जंगल की रफ्तार थामनी होगी और पहाड़ों को रौंदती मोटर गाड़ियों की संख्या को नियंत्रित करना होगा वरना पहाड़ और मैदान में कोई अंतर नहीं रह जाएगा।

हिमाचल प्रदेश या पूरे हिमालय क्षेत्र में सौंदर्य के प्रतीक से इन दिनों क्यों भयभीत है लोग? क्यों उन्हें यह सुंदरता रास नहीं आ रही? खूबसूरती से क्यों नाखुश है पर्वतीय इलाकों के रहवासी और प्राकृतिक सौंदर्य के उपासक क्यों नहीं चाहते असमय प्रकृति की नेमत? ये ऐसे कुछ सवाल हैं जिनके जवाब हमें केवल पर्वतीय इलाकों के जानकार ही दे सकते हैं। आखिर, कोई तो बात होगी जिसके फलस्वरूप यहां के लोगों को प्राकृतिक सुंदरता रास नहीं आ रही?

हम बात कर रहे हैं कि पर्वतीय राज्यों के एक सुंदर वरदान की जिसका नाम है - बुरांश। बुरांश का पेड़ और इसके फूल हिमाचल सहित देश के तमाम पर्वतीय राज्यों के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक संस्कारों से जुड़े हैं। बुरांश न केवल खूबसूरत है बल्कि सेहत की अनेक नेमतों से परिपूर्ण भी है। यह अर्थव्यवस्था का भी एक अनिवार्य हिस्सा है। बुरांश के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि आईआईटी मंडी और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नालॉजी (आईसीजीईबी) के शोधकताओं ने बुरांश की पंखुड़ियों में मौजूद फाइटोकेमिकल्स की पहचान की है जो कोविड-19 वायरस को रोक सकते हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि बुरांश के फूल में एंटीवायरल के गुण होते हैं, जो सार्स-सीओवी 2 से संक्रमित कोशिकाओं के इलाज में मदद कर सकते हैं। कुछ शोधों में यह भी पाया गया है कि बुरांश के रस का सेवन दिल और लिवर के लिए फायदेमंद हो सकता है।



लेकिन हिमालय को मिला प्रकृति का यही उपहार यहां खतरे का संकेत दे रहा है। पिछले कुछ सालों से यह फूल समय से पहले खिलने लगा है और यही पर्वतीय लोगों के साथ-साथ वैज्ञानिकों के लिए भी चिंता का सबब है। बुरांश का समय से पहले खिलना बर्फबारी कम होने का संकेत है और कम वर्षा का भी। शिमला या इस जैसे तमाम पर्यटन स्थलों का सौंदर्य और आर्थिक प्रगति वहां होने वाले हिमपात पर निर्भर है। बीते कुछ सालों में न केवल शिमला सहित अधिकतर पर्वतीय इलाकों की सर्दी कम हुई है बल्कि बर्फबारी के दिन भी कम होते जा रहे हैं। पहले शिमला शहर में ही जमकर बर्फ गिरती थी लेकिन अब बर्फबारी कुफरी, ठियोग और नारकंडा की ओर खिसकते जा रही है। इससे पर्यटन पर भी असर पड़ रहा है। इस समस्या को विकराल बनाने में पहाड़ों का सीना चीरकर दौड़ रहे हजारों वाहनों ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस सबसे, मौसम बदल रहा है और इसलिए बुरांश भी समय से पहले खिलने लगा है।

'डाउन टू अर्थ' पत्रिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक तापमान, वर्षा और बफबारी में आए बदलावों के प्रति बुरांश की संवेदनशीलता और प्रतिक्रियाओं ने चिंता बढ़ा दी है। फूलों के खिलने के समय में बदलाव के लिए काफी हद तक बढ़ते हुए वैश्विक तापमान को जिम्मेदार माना जा रहा है। इसके फलस्वरूप बदल रहे मौसम के तेवरों का नुकसान बुरांश के फूलों को उठाना पड़ रहा है। मसलन बारिश की कमी के कारण इनमें रसीलेपन का अभाव हो जाता है। बुरांश के फूलों के फूलने की प्रक्रिया को समझे तो सामान्य रूप से जनवरी से फरवरी माह में वे कलियों के रूप में रहते हैं। चूंकि उस समय तापमान बहुत कम होता है और बहुत कम तापमान में कलियां खराब न हो जाए, इसके लिए प्राकृतिक तौर पर पंखुड़ियां सुरक्षा घेरे के रूप में कलियों को बाहर से ढंके रहती हैं। वे तभी हटती हैं, जब तापमान 20 से 25 डिग्री पर पहुंच जाता है। अनुकूल तापमान पाकर पेड़ का आंतरिक सूचना तंत्र (डीएनए) कोशिकाओं को संकेत भेजता है और फूलों के फूलने की प्रक्रिया के लिए हार्मोन्स सक्रिय हो जाते हैं।

यदि समय से पहले ही तापमान अधिक हो जाता है तो फूल के विकास पर असर पड़ता है और उसके रंग-रूप से लेकर आर्थिक और स्वास्थ्यप्रद गुणों पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा, अगर ये फूल समय से पहले यानी सर्दियों के अंत में ही खिलने लगते हैं तो उस समय मधुमक्खियां या परागण करने वाले कीड़े सक्रिय नहीं होते इसलिए परागण पूरी तरह नहीं हो पाता, जिससे पौधों के बीज या फल विकसित नहीं हो पाते। तापमान में उतार-चढ़ाव से पहले से खिले फूल मुरझा जाते हैं या मर जाते हैं।

बुरांश के फूलों के जल्दी खिलने का असर पारिस्थितिकी तंत्र पर भी पड़ता है। दरअसल, बुरांश के फूलों पर कई पक्षी, कीड़े और अन्य जीव आश्रित होते हैं। यदि फूल समय से पहले या अनियमित रूप से खिलते हैं, तो यह खाद्य श्रृंखला गड़बड़ा जाती है। बुरांश के फूलों का उपयोग रस और शरबत आदि बनाने में होता है। अनियमित फूलों की वजह से इनमें रस कम बनता है और किसानों और स्थानीय लोगों की कमाई भी प्रभावित होती है। यही लोगों की चिंता का कारण है।

# ब्लाक मुख्यालय पहुचे ग्रामीणो ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा मांग पत्र



**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। विकास** खंड ज्ञानपुर के गिराई गांव मे आश्वासन के तीन दिन बाद भी जल निकासी का काम शुरू न होने से गांव की महिलाओं व पुरुषों ने ब्लाक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को मांग पत्र सौंपा।

गांव में वर्षो से व्याप्त समस्या से परेशान ग्रामीण ग्राम प्रधान सहित जिम्मेदार विभाग व आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद समस्या का समाधान न होने के उपरांत रविवार को गांव के ही तीन युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गए थे। मौके पर पहुचे तहसीलदार के सोमवार से काम कराने के आश्वासन पर पांच घंटे बाद नीचे उतर आए थे। तीन दिन बाद भी काम शुरू न होने पर बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी को मांग पत्र सौंपा।लोगो ने आरोप लगाया कि आश्वासन के उपरांत भी काम शुरू नही कराया गया है। शिघ्र काम शुरू न होने पर जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी । इस संबंध में खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि मनरेगा के तहत कार्य योजना स्वीकृति हो गई है पाइप उपलब्ध हो गया है। जल निकासी के लिए चयनित स्थान के लिए आने वाले व्यवधान के समाधान के लिए अपर जिलाधिकारी से वार्ता के बाद शिघ्र कार्य शुरू करा दिया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों मे देवी, शांति ,मीरा,कौशल्या,राम कुमारी,विजय ,शीला, कमलेश यादव,आदर्श,बसंत लाल,चौधरी विश्वकर्मा,अमन समेत अन्य रहे।

# सरकार ने नहीं सुनी गुहार, महासंघ की गर्जना आज



**अखंड भारत संदेश**

**लखनऊ/भदोही। उत्तर** प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक बुधवार को सलाहकार मुन्नूलाल रावत की देखरेख में संपन्न हुई। संरक्षक त्रिवेणी प्रसाद ने बताया कि 17 अप्रैल को पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर संबंधित पदाधिकारी बांह पर काली पट्टी बांधकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 16 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारियों को सौंपेंगे। मांग पत्र सौंपने का समय भी दोपहर 01 से 03 बजे के बीच निर्धारित है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह भदोही और लखनऊ तो जीके शर्मा प्रदेश महामंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश गौतम बुद्ध नगर, रहेंगे। विजय कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष वाराणसी, घनश्याम ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष गाजियाबाद, अशोक कुमार मौर्य मंडल मंत्री लखनऊ प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी अपने पड़ोसी जनपदों की संयुक्त निगरानी करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि 02 से 16 अप्रैल तक सभी जिला मुख्यालय पर काला फीता बांधकर कार्य करते हुए कर्मचारियों ने अपने हक-अधिकार को विरोध जताया लेकिन सरकार और अधिकारियों के कान पर तक जूं तक नहीं रेंग सका। चेतावनी जारी किया गया कि सरकार हमारी मांगों का निस्तारण नहीं करती है तो शीघ्र ही केंद्रीय कमेटी की बैठक कर वृहद आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा।

# चित्रकूट में गरजी कांग्रेस की हुंकार- ईडी नहीं, ये अत्याचार है

- सरकार पर संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप
- जरूरत पड़ी तो जेल भरो आंदोलन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कांग्रेस की शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अगुवाई में कार्यकताओं ने जिला कचहरी स्थित पार्क से जुलूस निकालते हुए धनुष चौराहा होते हुए पटेल तिराहा तक मार्च किया और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के सामने धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसमें कुशल सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर रही है, लेकिन कांग्रेस का एक-एक सिपाही अपने नेताओं के साथ खड़ा है। यदि जरूरत पड़ी तो जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा।

पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडे ने कहा कि सरकार महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन कांग्रेसी इससे डरने वाले नहीं हैं। वरिष्ठ नेता गज्जू प्रसाद फौजी ने कहा कि यह संविधान को बदलने की साजिश है जिसे कांग्रेस किसी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। सविता पाल ने कहा कि राहुल गांधी देश के गरीब, दलित, मजदूर और किसानों की आवाज उठा रहे हैं, और यही वजह है कि उन्हें सत्ता के दम पर दबाने की कोशिश की जा रही है। विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ी है और आगे भी लड़ेगी। इस मौके पर अवधेश करवरिया, डॉ राकेश वर्मा, सत्यनारायण कोल, कालीचरण राजपूत, यमुना शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र कुमार रैकवार, इंद्रजीत उपाध्याय, सविता पाल, नीरू गुप्ता, अरुण गुप्ता, मानवेंद्र पटेल, कृष्णराज सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी



कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व एआईसीसी सदस्य पंकज मिश्र

### चार्जशीट पर कांग्रेस का पलटवार

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व एआईसीसी सदस्य पंकज मिश्र ने इसे राजनीतिक विद्वेष की पराकाष्ठा बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ईडी का घोर दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। कहा कि गांधी परिवार व कांग्रेस को डराने की यह साजिश सरकार की नाकामियों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास है। कहा कि राहुल गांधी ने जो ज्वलंत मुद्दे उठाए हैं, उससे सरकार बौखलाई हुई है। न्यायालय में सच्चाई सामने आएगी व इस बदले की राजनीति का जनता करारा जवाब देगी।

## बाबा साहब की प्रतिमा, पार्क व पेयजल संकट पर सदर विधायक अनिल प्रधान हुए सक्रिय



डीएम को प्रार्थना पत्र देते विधायक

**चित्रकूट।** चित्रकूट में सामाजिक चेतना व जनसरोकार के सवालों पर सदर विधायक अनिल प्रधान पूरी सक्रियता से मैदान में हैं। बुधवार को उन्होंने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना, संग्रहालय व भव्य पार्क के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग डीएम को पत्र देकर की। इसके साथ ही सीएम और मुख्य सचिव को भी पत्र भेजकर शासन स्तर से अनुमति एवं सहयोग की पहल की है।

विधायक अनिल प्रधान ने जिले में तेजी से बढ़ते पेयजल संकट को लेकर भी चिंता जताई। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों की हालत बदहाल है-कहीं चेन टूटी है, कहीं पाइप फटा है, और कई जगह जलस्तर गिरने से पानी निकलना बंद हो गया है। डीएम से मांग की कि हर पंचायत में हैंडपंपों की स्थिति का सर्वे कराकर तत्काल मरम्मत कराई जाए। साथ ही उन्होंने जल संस्थान व जल निगम की जल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की बात भी रखी। उन्होंने कहा कि पानी जीवन है, और यह व्यवस्था की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# यह लोकतंत्र है या बैंक मैनेजर की गुंडागर्दी का खुला बाजार? : अनुज यादव

- संविधान पर धब्बा हैं ऐसे लोग
- तत्काल निलंबित करें

**अखंड भारत संदेश**



अनुज यादव

**चित्रकूट।** बैंक जहां आम जनता उम्मीद के साथ कतार में खड़ी रहती है, एक भरोसे की जगह। लेकिन जब उसी बैंक की कुर्सी पर बैठा अधिकारी, अपने पद की गरिमा को भुलाकर खुलेआम हाथापाई और गाली-गलौज पर उतर आए- तब सवाल उठते हैं और इस बार, सवाल बड़े हैं।

अनुज यादव पूर्व जिलाध्यक्ष व सदस्य राज्य कार्यकारिणी समाजवादी पार्टी ने सवाल उठाया है कि अगर सरकारी कुर्सी पर बैठा अफसर ही कानून तोड़ने लगे, तो आम आदमी कहां जाएगा? इस पूरे मामले को लेकर अनुज यादव ने खुला मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति से बदसलूकी का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मयार्दाओं व संवैधानिक गरिमा पर हमला है। कहा कि जब सबके सामने वीडियो वायरल है, गवाह मौजूद हैं, फिर जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति क्यों हो रही है? अनुज यादव ने इसे प्रशासनिक लापरवाही और सत्ता के संरक्षण का प्रतीक बताते हुए मांग की कि उक्त बैंक मैनेजर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए और बैंक की आंतरिक चयन प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराई जाए। कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के दिन भी ऐसे लोगों का खुला घूमना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि संविधान का खुला अपमान भी है। सरकार से मांग की कि ऐसे गुंडा प्रवृत्ति वाले अधिकारियों पर नकेल कसने के लिए ठोस कार्यवाही की जाए व आम नागरिकों की गरिमा को सुरक्षित रखा जाए। आगे कहा कि यह न सिर्फ जिले के एक बैंक की शर्मनाक हकीकत है, बल्कि पूरे सिस्टम के लिए आईना भी है कि किस तरह संवैधानिक पदों पर बैठे लोग, अगर बिना जवाबदेही के छुट्टा घूमते रहे, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे एक ढांचे मात्र में सिमटकर रह जाएगा।




लोगों को जागरूक करते अधिकारीगण

## जिले में चला पॉलिथीन विरोधी अभियान

**2.5 किलो जब्त, 2000 रुपये जुर्माना**

**चित्रकूट।** कर्वी में नगर पालिका परिषद ने पॉलिथीन के प्रयोग पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुरानी कोतवाली क्षेत्र में सघन चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में 2.5 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई और जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 2000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। पालिका की टीम ने फल विक्रेताओं व ठेला-पटरी दुकानदारों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया और उन्हें विशेष स्टीकर देकर प्लास्टिक मुक्त व्यापार की ओर प्रेरित किया। अभियान में अधिशासी अधिकारी लाल जी, सफाई एवं खाद निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वच्छ भारत मिशन) शिवा कुमार सहित नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

# कलेक्टरेट में गूंजीं खेत-खलिहानों की आवाज

**प्रशासन का त्वरित संज्ञान**

**अखंड भारत संदेश**



डीएम को प्रार्थना पत्र देते किसान

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में उप कृषि निदेशक ने गत माह के किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के समाधान एवं अनुपालन आख्या से जिलाधिकारी व किसानो को अवगत कराया। इसके बाद किसानों ने जिलाधिकारी के समक्ष दलहन एवं तिलहनी की उपज को एमएसपी मूल्य पर क्रय करने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में एक क्रय केन्द्र खोलने, गर्मियों के मौसम के दृष्टिगत प्रत्येक गांव में पांच नये हैण्डपम्प लगवाने, ग्राम बाबूपुर में चकबंदी की आपत्तियों का ससमय निस्तारण कराने, नहर कब्जा को मुक्त कराने, मंडी में नीलामी चबूतरा को खाली कराने व ग्राम पंचायत बक्टा बुजुर्ग, नोनार, प्रसिद्धपुर के किसानो को डिफेंस कॉरिडोर में अधिग्रिहित जमीनों का मुआवजा दिलाने सहित आदि समस्याए रखी। इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं का अविलम्ब समाधान कराकर अनुपालन आख्या से शीघ्र अवगत करायें। इस दौरान उप कृषि निदेशक ने किसानों को सोलर तार फैसिंग योजना की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस के पांडेय, भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम, देवेंद्र निरंजन, खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा व भाकियू के जिलाध्यक्ष राम सिंह, तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, यशवंत सिंह, देवेंद्र सिंह, राजकिशोर सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# विकास या विनाश? कामदगिरि पर्वत की शिलाओं पर चले बुलडोजर से हिल उठी आस्था

- संतों ने रोका जेसीबी
- प्रशासन से कार्य रोकने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट की पावन भूमि, जहां हर पत्थर में रामायण की कथा बसी है, आज वहीं विकास के नाम पर आस्था का चीरहरण हो रहा है। कामदगिरि परिक्रमा क्षेत्र में निर्माण के नाम पर पवित्र पर्वत की शिलाओं को तोड़ा जा रहा है। एमपीटी (मध्यप्रदेश टूरिज्म) के कराए जा रहे इस कार्य से न केवल धार्मिक भावना आहत हुई है, बल्कि प्रकृति और संस्कृति दोनों के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

टो वॉल के निर्माण के लिए जेसीबी से कामदगिरि पर्वत को काटा जा रहा है, जिससे कई प्राचीन शिलाएं टूट चुकी हैं। यह वही शिलाएं हैं जिन पर सदियों से साधु-संतों, श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की परिक्रमा चलती आ रही है। स्थानीय साधु-संतों और नागरिकों में इस कार्य को लेकर भारी आक्रोश है। वे मौके पर पहुंचकर कार्य को रुकवाने में सफल रहे, पर प्रश्न अब भी वही है- क्या आस्था को रौंदकर ही होगा विकास? स्थानीय लोगों का आरोप है कि एमपीटी मनमर्जी से खुदाई कर रहा है, पर्वत और प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहा है। यह परिक्रमा मार्ग केवल एक रास्ता नहीं, यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, साधना की भूमि है। संत समाज व श्रद्धालुओं ने मांग की है कि डीएम चित्रकूट इस गंभीर मामले का संज्ञान लें और पर्वत के साथ की जा रही इस विकासजन्य हिंसा को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। जब विकास की दिशा आस्था को रौंदती हो, तो वह विनाश का ही पर्याय है।



कामदगिरि की पवित्र शिलाओं को जेसीबी से तोड़ते हुए

### नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1.5 किलो सूखा गांजा बरामद



पकड़ाया आरोपी

**चित्रकूट।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने को चलाए जा रहे अभियान में शिवरामपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी दारोगा शनि चतुर्वेदी एवं उनकी टीम ने एक आरोपी को 1 किलो 500 ग्राम नाजायज सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजू सिंह उर्फ रज्जू पुत्र रामऔतार आरख निवासी ग्राम खटेहरा थाना बदौसा, बांदा के रूप में हुई है। आरोपी को गांजे के साथ एक झोले में पकड़ा गया और उसके विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में दारोगा कैलाश नाथ, सिपाही विवेक कुमार, दीप प्रताप व चालक विपिन कुमार शामिल रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य का चित्रकूट दौरा, बच्चों का किया उत्साहवर्धन

- उन्होने बच्चों को नियमित टीकाकरण कराने और विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया

**अखंड भारत संदेश**



गांव चलो अभियान में में भाग लेतीं राज्य महिला आयोग सदस्य

**चित्रकूट।** ग्राम ऐचवारा में मंगलवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा का आगमन हुआ। उन्होंने गांव चलो अभियान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया व विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को नियमित टीकाकरण कराने और विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। गांव चलो अभियान के माध्यम से न सिर्फ शिक्षा बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता को भी जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिनकी सभी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। इस मौके पर जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला प्रवेश अधिकारी पंकज मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान सुनील गर्ग, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला मंत्री मनोज तिवारी, सोनू खंगार, महेश जायसवाल, महिला मोर्चा की विनीत द्वेदी और माया प्रजापति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमृत काल में संविधान सम्मान : मऊ में गूंजे बाबा साहब के विचार

**चित्रकूट।** स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में आयोजित 15 दिवसीय संविधान गौरव पर्व में 16 अप्रैल को विकासखंड मऊ, चित्रकूट में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत अहिरी के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी से हुई, जिसे खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रभातफेरी के बाद बीआरसी सभागार में डॉ अंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित सेमिनार आयोजित हुआ, जिसमें उनके संघर्ष, संविधान निर्माण में योगदान व सामाजिक समानता के विचारों पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात, चार विद्यालयों के बीच क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें तीन टीमें संयुक्त रूप से प्रथम रहीं और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी और देश के समावेशी विकास में योगदान देने का संकल्प दोहराया। रैली में भारत माता की जय और संविधान अमर रहे जैसे नारों से गांव की गलियां गूंज उठीं। रैली की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पांडे ने की, और इस मौके पर एडीओ (पंचायत) चंद्रभूषण यादव, एडीओ (आईएसबी) रामपाल, पशु चिकित्सा अधिकारी गौतम, तथा शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग मौजूद रहे।



संविधान गौरव पर्व में भाग लेते अधिकारी

## जिले की रैंकिंग सुधारो, जिम्मेदारी निभाओ : डीएम की सख्त चेतावनी

**चित्रकूट।** राजस्व कार्यों व जनशिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आईजीआरएस, कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

डीएम ने दो टूक कहा कि मार्च माह में जिले को प्रदेश में 12वां स्थान मिला है, जो संतोषजनक जरूर है, लेकिन अब लक्ष्य टॉप-5 में पहुंचने का है। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग वाले बिंदुओं को प्राथमिकता से दुरुस्त करें, अन्यथा लापरवाहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समस्याओं के निस्तारण में स्थलीय निरीक्षण की फोटो अपलोडिंग अनिवार्य की गई है। कर-करेत्तर समीक्षा में डीएम ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप वसूली करें। धारा 24 के प्रकरणों का तत्काल निस्तारण हो और पैमाइश कार्य लेखपाल-कानूनगो की संयुक्त टीम से कराएं। चेताया कि आरसी वसूली में कोई लापरवाही नहीं चलेगी। समीक्षा में यह भी सामने आया कि 328 ग्राम पंचायतों में से मात्र 148 के पास ही जीएसटी नंबर हैं। डीएम ने बिना देरी के शेष पंचायतों को जीएसटी पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। खनिज अधिकारी व एआरटीओ को ओवरलोडिंग पर रोक लगाने को पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाने को कहा गया। वहीं आबकारी विभाग को मंदाकिनी नदी किनारे अवैध शराब निर्माण पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश मिले। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्हें जनहित से जुड़ी जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देने की सख्त चेतावनी दी गई।

# किसके शह पर स्वास्थ्य अधिकारी बना मुख्य गाली अधिकारी ?

- लाचार सिस्टम, दबंग अधिकारी
- आईजीआरएस में ही क्यों शिकायत?

**चित्रकूट।** जब सिस्टम से भरोसा टूटे, तो जनता आईजीआरएस को भगवान समझती है। चित्रकूट में एक डॉक्टर की पत्नी ने अपने पति को जातिसूचक गालियों से अपमानित होते सुना। यह अपमान किसी आम आदमी ने नहीं, खुद जिले के एक चिकित्सा अधिकारी, यानी मुख्य गाली अधिकारी ने किया था। हैरानी की बात देखिए- न वो महिला थाने गई, न किसी अधिकारी के दफ्तर पहुँची, और न ही किसी मंत्री या जनप्रतिनिधि से गुहार लगाई। उसने सीधे आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की। क्यों? क्योंकि उसे अब सिस्टम पर नहीं, सिर्फ एक पोर्टल पर भरोसा रह गया है।

जब प्रशासनिक गलियारों में सच बोलना गुनाह बन जाए और दबंग अफसरों के खिलाफ आवाज उठाना राजनीतिक आत्महत्या लगने लगे, तब आम आदमी सिर्फ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की ओर देखता है। डॉक्टर की पत्नी जानती थी कि अगर वो थाने जाती, तो पहले उससे पूछा जाता- आपके पास सबूत क्या है?, आपको क्या दुश्मनी है साहब से? और जब खुद स्वास्थ्य ऑफिस ही उत्पीड़न का केंद्र हो, तो वहीं जाकर इंसाफ माँगना अपने घावों पर नमक छिड़कने जैसा होता। सोचिए, आज के दौर में एक डॉक्टर की पत्नी भी अगर अफसरशाही से डर जाए और पुलिस-प्रशासन को बायपास कर सीधे सीएम की निगरानी वाले पोर्टल का सहारा ले, तो क्या ये शासन-प्रशासन के लिए शर्मशार होने वाली बात नहीं? क्या यही वो प्राष्ट्र-निर्माण है जहाँ अफसर खुलेआम गालियाँ देते हैं और सिस्टम उनकी ताकत के आगे घुटनों पर होता है? डॉक्टर के साथ जो हुआ, वो जितना शर्मनाक था, उससे कहीं ज्यादा शर्मनाक है सिस्टम की चुप्पी। अफसर की गालियाँ सुनाई दीं, रिकॉर्डिंग वायरल हुई, समाज भड़का, लेकिन कार्रवाई? नदारद। सिर्फ जांच कमेटी बैठी व दबंग गाली अधिकारी खुले आम घूम रहा है। जब आरोपी पर पहले से ही भ्रष्टाचार व महिला कर्मचारी से बदसलूकी के आरोप हों और फिर एक और गंभीर मामला सामने आए, तब भी कोई प्रारंभिक कार्रवाई न हो- तो क्या इसे अफसरशाही का गुरूर नहीं कहेंगे?

# स्कूल शिक्षा विधेयक का मुद्दा, प्रदर्शनकारी शिक्षकों की मांगों पर विचार के लिए बुलाया गया संसद सत्र

**काठमांडू। नेपाल स**रकार ने देश में प्रदर्शनकारी शिक्षकों की मांग को पूरा करने और स्कूल शिक्षा विधेयक पारित करने के लिए 25 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया है।

स्कूल शिक्षा अधिनियम को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर शिक्षकों की देशव्यापी हड़ताल के साथ ही विरोध प्रदर्शन तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया।

'शिक्षण पेशे का सम्मान करें' और 'शिक्षा अधिनियम को तुरंत लागू करें' जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर शिक्षकों ने सड़क पर अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया।




मंगलवार को नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने सरकार की सिफारिश पर स्कूल शिक्षा विधेयक को मंजूरी दिए बिना ही संघीय संसद सत्र को स्थगित कर दिया, जो डेढ़ साल से सदन की समिति में लंबित था।

रिपोर्ट्स से पता चलता है कि देश भर से शिक्षक काठमांडू में स्कूल शिक्षा अधिनियम को लागू करने की मांग को लेकर इक्ट्ठा हुए, जो सरकार की पिछली प्रतिबद्धताओं के बावजूद संसद में लंबित पड़ा हुआ है।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल की शिक्षा मंत्री बिद्या भट्टाराई ने कहा कि मंगलवार शाम को हुई कैबिनेट बैठक में विधेयक के पारित होने में समन्वय के लिए 25 अप्रैल को सदन का सत्र बुलाने का फैसला किया गया। शिक्षा मंत्रालय और शिक्षकों के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत के बाद कोई महत्वपूर्ण सफलता नहीं मिलने के बाद यह फैसला लिया गया।

नेपाल शिक्षक संघ की संयुक्त अध्यक्ष नानू माया परजुली ने कहा, "यदि प्रधानमंत्री, नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष, सीपीएन (माओवादी केंद्र) अध्यक्ष और स्पीकर चाहें तो स्कूल शिक्षा विधेयक को बिना किसी देरी के मंजूरी दी जा सकती है। हम बस इतना चाहते हैं कि हमारी मांगों को शामिल करते हुए अधिनियम बनाया जाए।"

इस बीच नेपाल के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को चल रहे विरोध प्रदर्शन पर गंभीर चिंता व्यक्त की और संबंधित पक्षों से बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने का आग्रह किया।

# सीएमजी और वियतनाम की कई संस्थाओं के बीच सहयोग दस्तावेज संपन्न

**बीजिंग। चीनी** कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के वियतनाम की राजकीय यात्रा के अवसर पर सीपीसी केंद्रीय समिति के प्रचार-प्रसार विभाग के उप प्रमुख और चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के महानिदेशक शन हाईश्योंग ने हाल में क्रमशः वियतनाम टेलीविजन (वीटीवी) के महानिदेशक गुयेन थान लैम के साथ वर्ष 2025 और 2026 के लिए सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इसके अलावा, शन हाईश्योंग ने रेडियो द वॉयस ऑफ वियतनाम (वीओवी) के महानिदेशक डो टीएन स्ये के साथ सहयोग समझौता संपन्न किया और वियतनाम न्यूज व प्रचार कॉलेज के निदेशक के साथ सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

शी चिनफिंग और वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव टो लैम दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित द्विपक्षीय सहयोग दस्तावेजों के प्रदर्शन के साक्षी बने।



बताया जाता है कि हाल के वर्षों में सीएमजी और उक्त तीन संस्थाओं के बीच मित्रवत आदान-प्रदान और व्यावहारिक सहयोग कायम है। चीन और वियतनाम के बीच सांस्कृतिक आवाजाही और सहयोग बढ़ाने और मैत्री की नींव मजबूत करने के लिए नए हस्ताक्षरित सहयोग दस्तावेजों के अनुसार सीएमजी उक्त संस्थाओं के साथ नियमित सहयोग व्यवस्था स्थापित करेगा और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएगा।

गौरतलब है कि वीटीवी वियतनाम का राष्ट्रीय टीवी स्टेशन है। इसके 11 निःशुल्क सार्वजनिक चैनल हैं, कई घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय सशुल्क चैनल हैं, अखबार और वेबसाइट हैं। वीओवी वियतनाम का राष्ट्रीय रेडियो स्टेशन है।

इसकी 8 रेडियो फ्रीक्वेंसी, समाचार पत्र और वेबसाइट हैं। वहीं, वियतनाम न्यूज और प्रचार कॉलेज वियतनाम का एकमात्र केंद्र स्तरीय मीडिया प्रोफेशनल कॉलेज है।

# यहीं से पढ़कर 8 राष्ट्रपति निकले हैं, आप हमें न बताएं, ट्रंप के एक्शन पर आया हावर्ड का रिएक्शन

**अमेरिका हार्वर्ड** यूनिवर्सिटी अमेरिकी संविधान से मिले स्वतंत्रता के अधिकार को गिरवी नहीं रखेगी। कोई भी यूनिवर्सिटी अभिव्यक्ति की आजादी का केंद्र होती है। यूनिवर्सिटी होने के नाते हम अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग हैं। भयमुक्त समाज और सभी के लिए खुशहाल जीवन के लक्ष्य के साथ यूनिवर्सिटी ने बरसों तक काम किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रतिष्ठित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का 19 हजार करोड़ रु. का फंड रोकने के आदेश दिए हैं। यूनिवर्सिटी ने यहूदी विरोधी प्रदर्शनकारी छात्रों को डिपोर्ट करने, यूनिवर्सिटी के विभागों का बाहरी एजेंसी से ऑडिट और विविधता, समानता व समावेशन (डीईआई) प्रोग्राम बंद करने का ट्रम्प का आदेश मानने से इनकार किया था। अब इसको लेकर यूनिवर्सिटी की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रिया आई है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिकी संविधान से मिले स्वतंत्रता के अधिकार को गिरवी नहीं रखेगी। कोई भी यूनिवर्सिटी अभिव्यक्ति की आजादी का केंद्र होती है।

# पाकिस्तान में इजरायल विरोधी प्रदर्शन के दौरान केएफसी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

**लाहौर। पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में इजरायल विरोधी प्रदर्शन के दौरान अमेरिकी फास्ट-फूड चेन केएफसी के एक कर्मचारी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

यह घटना प्रांतीय राजधानी लाहौर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शेखपुरा में घटी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि, 15 अप्रैल को सुबह-सुबह बड़ी संख्या में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकताओं ने आउटलेट पर धावा बोल दिया।

हमलावरों ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते हुए स्टाफ के सदस्यों पर गोलियां चलाईं। आसिफ नवाज नाम के एक कर्मचारी को गोली मार दी गई, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। 45 वर्षीय नवाज को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

एक अधिकारी ने बताया, "पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बदमाश भाग चुके थे।" उन्होंने बताया कि तीन दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और जांच जारी है।

एक दिन पहले ही टीएलपी समर्थकों ने रावलपिंडी में केएफसी आउटलेट को निशाना बनाया था और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था।

पिछले सप्ताह कराची और लाहौर में भी इसी तरह के हमले हुए थे, जहां केएफसी आउटलेट के कुछ हिस्सों में आग लगा दी गई।

पंजाब पुलिस ने इन घटनाओं के सिलसिले में टीएलपी के 17 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।



ऐसा प्रतीत होता है कि पाकिस्तानी सरकार और सुरक्षा एजेंसियां धार्मिक विरोध की आड़ में विदेशी फास्ट-फूड चेन के खिलाफ टीएलपी के नेतृत्व में हिंसा की लहर के सामने लाचार हैं।


इस महीने की शुरूआत में (7 अप्रैल को) बांग्लादेश में भी इजरायली विरोधी प्रदर्शनों के दौरान भारी हिंसा देखी गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, भीड़ ने गाजा पर इजरायली हमलों के विरोध में बोगरा, सिलहट, कॉक्स बाजार और अन्य जिलों में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने बाटा, केएफसी और पिज्जा हट जैसे इजरायली-संबंधित व्यवसायों को निशाना बनाया। उन्होंने कुछ उत्पादों के बहिष्कार की भी मांग की।

# शी चिनफिंग ने सीपीवी महासचिव, वियतनामी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात की

**बीजिंग। चीनी** कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीवी) की केंद्रीय समिति के मुख्यालय में सीपीवी की केंद्रीय समिति के महासचिव टो लैम और वियतनामी प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात की। उन्होंने वियतनाम के राष्ट्रपति लुओंग कुओंग से भी भेंट की।

महासचिव टो लैम से मुलाकात के दौरान, शी चिनफिंग ने कहा कि इस साल चीन और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ और सांस्कृतिक आदान-प्रदान वर्ष है। पिछले 75 सालों में चाहे अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में कितना भी परिवर्तन क्यों न आया हो, चीन और वियतनाम हमेशा राष्ट्रीय स्वतंत्रता और मुक्ति के लिए संघर्ष में एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, समाजवादी निर्माण के कार्य में एक साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में प्रयास करते हैं। हम समाजवादी देशों के बीच एकता और सहयोग का आदर्श बने हैं। नई ऐतिहासिक शुरूआत पर खड़े होकर हमें अतीत को आगे बढ़ाते हुए भविष्य को खोलना चाहिए।

शी चिनफिंग ने आगे कहा कि चीन-वियतनाम साझे भविष्य वाले समुदाय के निर्माण का वैश्विक महत्व है। इससे क्षेत्रीय यहां तक कि पूरी दुनिया की शांति और स्थिरता को प्रभावी ढंग से सुरक्षित रखा जाएगा और समान विकास बढ़ाया जाएगा। शी चिनफिंग ने चीन-वियतनाम साझे भविष्य वाले समुदाय का निर्माण बढ़ाने के लिए छह सूत्रीय उपाय भी पेश किए।



वहीं, टो लैम ने कहा कि वियतनाम और चीन दोनों कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले समाजवादी देश हैं। चीन के साथ संबंधों का विकास वियतनाम का रणनीतिक चुनाव और प्राथमिकता है। वियतनाम दृढ़ता से एक चीन की नीति पर कायम रहता है और चीन के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना चाहता है।

प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात के दौरान, शी चिनफिंग ने कहा कि दोनों पक्षों को रणनीतिक सहयोग बढ़ाकर चीन-वियतनाम साझा भविष्य वाले समुदाय के निर्माण का राजनीतिक आधार मजबूत करना चाहिए। उच्च स्तरीय आदान-प्रदान व रणनीतिक संपर्क मजबूत कर एक साथ प्रभुत्ववाद, एकतरफावाद व संरक्षणवाद का विरोध करना चाहिए। वैश्विक विकास पहल, वैश्विक सुरक्षा पहल व वैश्विक सभ्यता पहल का कार्यान्वयन कर संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय निष्पक्षता व न्याय की रक्षा करनी चाहिए, ताकि एशिया यहां तक कि दुनिया की शांति, स्थिरता, विकास और समृद्धि कायम हो सके।

फाम मिन्ह चिन्ह ने कहा कि शी चिनफिंग की वर्तमान वियतनाम यात्रा का ऐतिहासिक महत्व है। इससे द्विपक्षीय सहयोग में नई उम्मीद जगेगी। वियतनाम चीन के साथ संबंधों पर बड़ा ध्यान देता है और दृढ़ता से रणनीतिक महत्व वाले चीन-वियतनाम साझे भविष्य वाले समुदाय का निर्माण बढ़ाएगा। चीन अंतर्राष्ट्रीय मामलों में चीन के साथ सहयोग मजबूत करना चाहता है, ताकि एक साथ बहुपक्षवाद और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।


वहीं, वियतनामी राष्ट्रपति लुओंग कुओंग से मुलाकात के दौरान, शी चिनफिंग ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में, चीन-वियतनाम संबंध "साथियों और भाइयों" की पारंपरिक मित्रता से रणनीतिक महत्व के साथ साझा भविष्य वाले समुदाय में विकसित हुए हैं,

जिसने देशों के बीच मित्रता, आपसी सहायता, एकता और सहयोग का उदाहरण स्थापित किया है। एक नए ऐतिहासिक प्रारंभिक बिंदु पर खड़े होकर, चीन वियतनाम के साथ रणनीतिक संचार, एकजुटता और सहयोग को मजबूत करने, एक-दूसरे की आधुनिकीकरण प्रक्रिया को बढ़ावा देने, समाजवादी देशों के बीच एकजुट आत्मनिर्भरता, आपसी लाभ और जीत-जीत सहयोग का एक नया अध्याय लिखने और साझा भाग्य वाले चीन-वियतनाम समुदाय के क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव को लगातार प्रदर्शित करने को तैयार है।

# विएना में संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस समारोह शुरू

**बीजिंग। ऑस्ट्रिया के** विएना में 2025 संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 4 दिनों तक चलेगा।

इस समारोह का आयोजन विएना में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में चीन के स्थायी मिशन और विएना में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में विएना में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख, विभिन्न देशों के स्थायी प्रतिनिधि, वरिष्ठ राजनयिक और अंतर्राष्ट्रीय कर्मचारियों सहित 500 से अधिक अतिथि शामिल हुए।



विएना में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में चीन के स्थायी प्रतिनिधि ली सोंग ने प्रदर्शनी में युद्धरत राज्यों (476 ईसा पूर्व - 221 ईसा पूर्व) की बांस की पट्टियों, समकालीन चीनी सुलेख और चित्रकलाओं का संयोजन करते हुए, चीनी अक्षरों और संस्कृति की विरासत और विकास का परिचय दिया है।

उन्होंने कहा कि 80 साल पहले, चीनी प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर हस्ताक्षर करने वाले पहले व्यक्ति थे।

# कंबोडिया में सीएमजी के उत्कृष्ट फिल्म और टेलीविजन कार्यक्रमों का प्रदर्शन शुरू


**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग की कंबोडिया की राजकीय यात्रा की पूर्व संध्या पर चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के उत्कृष्ट फिल्म और टेलीविजन कार्यक्रमों की प्रदर्शन और प्रसारण गतिविधि कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में शुरू हुई।

सीएमजी के चुने गए 7 उत्कृष्ट फिल्म और टेलीविजन कार्यक्रमों को कंबोडिया के मुख्यधारा मीडिया पर प्रसारित किए जाएंगे, जिनमें "शी चिनफिंग की सांस्कृतिक आत्मीयता", "गरीबी से बचना", "भविष्य की ओर चीन की दौड़" आदि शामिल हैं।

इस मौके पर, चाइना मीडिया ग्रुप के महानिदेशक शन हाईश्योंग और कंबोडियाई राष्ट्रीय टेलीविजन के निदेशक खेम वोती तथा कंबोडियाई अप्सरा टीवी के निदेशक क्वेय अतिया ने क्रमशः वीडियो भाषण दिया।

शन हाईश्योंग ने अपने वीडियो भाषण में कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कंबोडिया के साथ मिलकर नए युग में उच्च गुणवत्ता, उच्च स्तर और उच्च मानकों वाले साझे भविष्य वाले चीन-कंबोडिया समुदाय के निर्माण पर प्रकाश डाला था। दोनों देशों के नेताओं के ब्लूप्रिंट और मार्गदर्शन के तहत, नए युग में चीन-कंबोडिया संबंध एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। चाइना मीडिया ग्रुप और कंबोडियाई मीडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह गतिविधि, चीन और कंबोडिया के बीच मानविकी आदान-प्रदान को घनिष्ठ करने और चीन-कंबोडिया मैत्री के जनमत आधार को मजबूत करने के लिए एक सकारात्मक कदम है।

शन हाईश्योंग ने यह भी कहा कि सीएमजी इस प्रदर्शन और प्रसारण कार्यक्रम को कंबोडियाई मीडिया के साथ व्यापक सहयोग करने, चीन और कंबोडिया के बीच मानविकी आदान-प्रदान को गहरा करने तथा चीन-कंबोडिया




मीडिया के "मित्र मंडल" का सक्रिय रूप से विस्तार करने के अवसर के रूप में लेना चाहता है, ताकि दोनों देशों के बीच दृढ़ मित्रता के स्थिर और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने, नए युग में चीन और कंबोडिया के लिए साझा भविष्य वाले समुदाय का निर्माण करने और विश्व शांति, स्थिरता, समृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक प्रयास किए जा सकें।

वहीं, कंबोडियाई राष्ट्रीय टेलीविजन के निदेशक खेम वोती ने कहा कि कंबोडिया और चीन एशिया में घनिष्ठ पड़ोसी हैं। दोनों ही विकासशील देश हैं, जिनके बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का लंबा इतिहास है। लंबे समय से दोनों देश एक-दूसरे का समर्थन करते रहे हैं और राजनीति, अर्थव्यवस्था तथा संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में घनिष्ठ आदान-प्रदान बनाए रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी फिल्म और टेलीविजन कृतियां अपनी गहन सांस्कृतिक विरासत और उत्कृष्ट कलात्मक अभिव्यक्ति के कारण कंबोडियाई दर्शकों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय हैं। इस बार कंबोडिया में सीएमजी के चयनित सात उत्कृष्ट फिल्म और टेलीविजन कार्यक्रमों के प्रसारण से कंबोडियाई दर्शकों को समकालीन चीन के विकास को अधिक गहराई से समझने का एक मूल्यवान अवसर मिलेगा। उनका मानना है कि इस गतिविधि के माध्यम से कंबोडियाई दर्शक चीनी संस्कृति के अद्वितीय आकर्षण को अधिक सहजता से महसूस कर सकेंगे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# शी चिनफिंग का हस्ताक्षरित लेख मलेशियाई मीडिया में प्रकाशित

**बीजिंग। कुआलालंपुर** की अपनी मलेशियाई राजकीय यात्रा के दौरान, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मलेशिया के अखबार "सिन च्यू डेली", "द स्टार" और "सिनार हरियन" में "चीन-मलेशिया मैत्री के जहाज को बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होने दें" शीर्षक से एक हस्ताक्षरित लेख प्रकाशित किया।

अपने लेख में शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और मलेशिया समुद्र पार मित्र पड़ोसी हैं। वे एक साझा भविष्य वाले समुदाय का निर्माण करते हैं, जो सुख-दुःख और सम्मान-अपमान को साझा करता है। समुद्री रेशम मार्ग दोनों देशों के बीच हजारों वर्षों से मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान का साक्षी रहा है तथा इतिहास के विकास के साथ दोनों देशों के बीच पीढ़ियों की मैत्री और भी गहरी होती गई है। दोनों पक्षों को इतिहास की लंबी नदी से रवाना हुए इस मैत्री के जहाज को और अधिक गति तथा आगे का एक स्थिर मार्ग देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

शी चिनफिंग ने बल देते हुए कहा कि चीन और मलेशिया को रणनीतिक स्टीयरिंग व्हील पर मजबूत पकड़ बनाए रखते हुए रणनीतिक संचार को मजबूत करना चाहिए, राजनीतिक आपसी विश्वास को बढ़ाना चाहिए, दोनों सरकारों की सहयोग योजना को लागू करके संयुक्त रूप से "बेल्ट एंड रोड" का निर्माण करना चाहिए, विकास रणनीतियों के संरेखण और देश के शासन में अनुभव के आदान-प्रदान को मजबूत करना चाहिए और उच्च स्तरीय रणनीतिक सहयोग के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों के विकास को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि चीन और मलेशिया को सांस्कृतिक आदान-प्रदान की नाव को अच्छी तरह से चलाना चाहिए, रिश्तेदारों से मिलने की तरह एक-दूसरे से अधिक बार मिलना चाहिए, सभ्यताओं के बीच आपसी सीख को बढ़ावा देना चाहिए और विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच आपसी समझ और मित्रता को बढ़ाना चाहिए।



इसके साथ ही, दोनों देशों को बहुपक्षीय सहयोग की नाव के पाल फहराते हुए आगे बढ़ाना चाहिए, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों और बांडुंग भावना को आगे बढ़ाना चाहिए, संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखकर अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की संयुक्त रूप से रक्षा करनी चाहिए, वैश्विक शासन को अधिक न्यायसंगत और उचित दिशा में बढ़ावा देना चाहिए, बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, वैश्विक औद्योगिक श्रृंखला व आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता तथा खुले व सहकारी अंतर्राष्ट्रीय वातावरण की रक्षा करनी चाहिए।

अपने लेख में शी चिनफिंग ने यह भी कहा कि चीन और आसियान देशों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग समय की कसौटी पर खरा उतरा है और समय के साथ और भी मजबूत हुआ है। चीन आसियान की एकता और आसियान समुदाय के निर्माण का दृढ़ता से समर्थन करता है, क्षेत्रीय संरचना में आसियान की केंद्रीय भूमिका का समर्थन करता है, साल 2025 में आसियान के घूर्णनशील अध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने में मलेशिया का पूरा समर्थन करता है और आशा करता है कि मलेशिया चीन-आसियान संबंधों के समन्वयक के रूप में बेहतर पुल की भूमिका निभाएगा।

शी ने कहा कि चीन चीनी शैली के आधुनिकीकरण के साथ एक मजबूत देश के निर्माण और राष्ट्रीय कायाकल्प के महान कार्य को व्यापक रूप से आगे बढ़ा रहा है। चीन मलेशिया और अन्य आसियान देशों के साथ मिलकर शांति और विकास की ऐतिहासिक प्रवृत्ति का पालन करते हुए भू-राजनीति और शिविर टकराव का विरोध करना चाहता है, एकतरफावाद और संरक्षणवाद के प्रतिकूल प्रभाव को तोड़ कर उच्च स्तरीय रणनीतिक चीन-मलेशिया साझा भविष्य वाले समुदाय को आगे बढ़ाना चाहता है, एक और करीबी साझा भविष्य वाले चीन-आसियान समुदाय का निर्माण करना चाहता है।